रोहतक
**शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025**
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 258
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 34.9
न्यून. 15.8

haribhoomi.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




14 भगोड़े अपराधियों की 10 सालों में करीब 1054 अरब रुपये की 'संपत्ति' जब्त की






VML.5840.2025

रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 258
पृष्ठ 16 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 34.9
न्यून. 15.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



4 गिल की कप्तानी में भारत-ऑस्ट्रेलिया की वनडे में 19 को भिड़ंत




## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को अपने सरकारी निवास संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं व समाधान के निर्देश दिए।

### गोयल ने 28 स्कूलों के बच्चों संग मनाई दिवाली



**फरीदाबाद।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने दीवाली इस बार खास अंदाज में मनाई। विपुल गोयल ने 28 सरकारी स्कूलों के हजारों बच्चों को 15 हजार देशी घी के लड्डू वितरित कर बच्चों को खुशियों की सौगात दी। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि त्योहारों का असली अर्थ तभी है जब समाज के हर वर्ग के साथ खुशियां बांटीजाएं। बच्चे हमारे भविष्य हैं, और उनकी मुस्कान ही सबसे बड़ा उत्सव है। सुबह से ही सरकारी स्कूलों में उत्सव का माहौल रहा। स्कूल परिसरों को दीयों व रंगोली से सजाया गया।

### सरकार की कोई उपलब्धि नहीं : चौटाला

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि एक साल के कार्यकाल के दौरान नायब सिंह सैनी न केवल प्रदेश के बतौर मुख्यमंत्री बल्कि गृह मंत्री के तौर पर भी पूरी तरह विफल साबित हुए है। उन्होंने कहा कि इस सरकार की उपलब्धियां तो बहुत दूर की बात है, क्योंकि हरियाणा की ऐसी दुर्दशा कभी नहीं देखी गई है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में ब्यूरोक्रेसी संकट सबके सामने सामने है। अब तो सीएम की बैठक की बातें भी सामने आ रही है कि मुख्यमंत्री एक चपरासी को भी सस्पेंड नहीं कर सकते। अगर ऐसी टिप्पणी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने की है तो उन्हें नैतिकता व संवैधानिकता के तौर अपने पद से तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि सीएम प्रदेश का हेड होता है और उसके पास राज्य को चलाने की सारी पावर होती है। वीरवार को दुष्यंत चौटाला पानीपत में जेजेपी जिला स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से रूबरू थे।

### जजपा ने किया किसान प्रकोष्ठ का विस्तार

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए किसान प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी रोशन ढांडा, प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद किसान सेल में 48 पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। ओम प्रकाश खरबला और दलबीर सिंह भराण को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया हैं।

### पुलिस का काम चुनौती भरा, तनाव कम करने को कदम उठाएंगे : सिंह

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के एक आईपीएस वाई पूरन कुमार और एएसआई संदीप लाठर की दुखद मौत के मामले को लेकर हरियाणा सरकार और कार्यवाहक डीजीपी ओपी सिंह चिंतित और व्यथित हैं।



घटनाक्रम से सबक लेते हुए हरियाणा पुलिस के आला अफसर कई अहम कदम उठाने जा रहे हैं ताकि आने वाले वक्त में इस तरह की घटना नहीं हो। कार्यवाहक डीजीपी ने साफ किया की पुलिस का काम बेहद ही टेंशन और चुनौतीपूर्ण है, हमारा काम तो बदमाशों को जेलों तक पहुंचाने का काम है। इसके साथ ही उन्होंने साफ कर दिया है कि सूबे में 70 हजार के करीब पुलिस बल है, जिनके परिवार बच्चे भी हैं। आने वाले वक्त में पुलिस तनावमुक्त हो और बेहतर काम कर सके इस दिशा में कईं अहम कदम उठाए जाएंगे।

---

#### मुख्यमंत्री ने नागरिक अस्पतालों की मरम्मत व सुविधाओं को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हों अस्पताल, सफाई कल्चर विकसित करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के भवन आदि की मरम्मत से लेकर सफाई व्यवस्था तक सभी कार्य दुरुस्त रखें। अधिकारी नियमित निरीक्षण करें , सफाई के मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के लगभग एक दर्जन सरकारी अस्पतालों के मरम्मत तथा सफाई व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।



## विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं

मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में चल रहे भवन के मरम्मत , बिजली से संबंधित कार्य, अस्पताल के रिसेप्शन एवं वार्ड से लेकर जन सुविधाओं तक की साफ़ -सफाई एवं सौंदर्यकरण तथा परिसर को हरा भरा बनाने संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल एकदम से साफ और सुंदर हों , इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### लापरवाही को सहन नहीं करेंगे

*उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में सफाई -कल्चर पर विशेष बल दें। जो अधिकारी या कर्मचारी स्वच्छता के मामले में लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाएगा।*

### लोगों को सुविधाएं देना प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन आदि की मरम्मत करने के बाद उसके रखरखाव की जिम्मेवारी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की है। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में पेड़ -पौधों की देखभाल करने , आवश्यकता अनुसार अन्य पौधे लगाने एवं पार्क की व्यवस्था दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

## कर्मचारियों व पेंशनर्स के लिए प्राइवेट आयुष अस्पतालों में इलाज की सुविधा

### दो और प्राइवेट अस्पताल इम्पैनल्ड : आरती राव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों/पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों के ईलाज के लिए काफी सुविधाएं दे रही है। सरकारी अस्पतालों के अलावा कई प्राइवेट अस्पतालों को भी इम्पैनल्ड किया है ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार नजदीकी अस्पताल में ईलाज करवा सकें। कर्मचारियों की मांग पर प्रदेश सरकार ने कई प्राइवेट आयुष अस्पतालों को भी इम्पैनल्ड किया है।

### अस्पताल बढ़कर हुए 12

उन्होंने कहा कि इस दिशा में कदम उठाते हुए विभाग ने दो और आयुष अस्पतालों को इम्पैनल्ड कर दिया है जिससे संख्या बढ़कर



अब करीब एक दर्जन हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार की ओर से झज्जर जिला में आयुष अस्पताल संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर , खेड़ी तालुका , पटौदा तथा हिसार जिला के बरवाला में स्थित वेदामृता हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड को इम्पैनल्ड किया है। हरियाणा के सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स तथा उनके आश्रित अब इन प्राइवेट आयुष अस्पतालों में भी ईलाज करवा सकेंगे।

### नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा

*सरकार द्वारा निर्धारित बीमारियों की जांच एवं इलाज करवा कर इन अस्पतालों के मेडिकल बिल पास करवा सकेंगे। हरियाणा आयुष निदेशालय के प्रवक्ता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन इम्पैनल्ड प्राइवेट आयुष अस्पताल के स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। नोडल अधिकारी किसी भी शिकायत के मामले में आयुष विभाग से संपर्क करेगा। उन्होंने शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी अस्पतालों में किसी भी आपात स्थिति/आपदा/मरीजों की अधिकता की स्थिति में इम्पैनल्ड अस्पताल आवश्यकतानुसार अपनी एम्बुलेंस, आईसीयू, बर्न यूनिट, वार्ड बेड आदि साझा करने के लिए सहमत होंगे ।*

---

#### सरकार के एक साल पूरा होने पर नायाब सौगतें देंगे नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री पंचायतों व शहरी स्थानीय निकायों को ग्रांट वितरित करेंगे, ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को मिलेंगे प्लॉट

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी पंचकूला इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सरकार की प्रमुख उपलब्धियों, पहलों और जनकल्याण को प्रतिबद्ध रोडमैप को साझा करेंगे।

**मुख्य सचिव ने तैयारियों को लेकर ली बैठक**

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने उच्च स्तरीय बैठक कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। जिला उपायुक्तों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध और समन्वित तरीके से की जाएं। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया जाएगा।



### ये दिए दिशा-निर्देश

मुख्य सचिव ने राज्य और जिला स्तर पर सुचारू व्यवस्था, व्यापक जनभागीदारी और सरकार की उपलब्धियों का समुचित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर बल दिया।

### मुख्यमंत्री पंचकूला व जिलों में केंद्रीय मंत्री व मंत्री रहेंगे मौजूद

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी जिलों में समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों को पूरे प्रदेश में अलॉटमेंट लेटर वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में सरकार ने सभी मंत्रियों और सांसदों की जिम्मेदारी जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में लगाई गई है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित करेंगे, उनके साथ राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा भी उपस्थित रहेंगी। इसी प्रकार केंद्रीय आवास शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर पलवल, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण करनाल, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा जींद, ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज अंबाला सहित अन्य जिलों में भी मंत्री मुख्य अतिथि होंगे।

## 13 साल बाद कुरुक्षेत्र में 2 से 8 नवंबर तक होंगे स्टेट गेम्स

**चंडीगढ़।** हरियाणा में खेलों की सबसे बड़ी प्रतियोगिता एक बार फिर लौटने जा रही है। करीब 13 साल बाद राज्य में 27वें हरियाणा स्टेट गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन (एचओए) ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में एसोसिएशन ने इन खेलों का आधिकारिक लोगो और मास्कट जारी कर दिया है, जो हरियाणा की परंपरा, ऊर्जा और खेल भावना का संगम पेश करता है।
इस बार के स्टेट गेम्स का लोगो बेहद प्रतीकात्मक और अर्थपूर्ण है।लोगो में 'शंख' को केंद्र में रखा गया है। शंख न केवल कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान है, बल्कि यह ऊर्जा, शुभता और नई शुरुआत का प्रतीक भी है।

### मास्कट 'महाबली' भी जारी

एचओए ने खेलों का मास्कट 'महाबली' भी जारी किया है, जिसे चीते के रूप में डिजाइन किया गया है। चीता ताकत, गति और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जो हरियाणा के खिलाड़ियों की पहचान भी है।

## सरकारी स्कूलों में सुविधाओं की कमी के चलते बच्चे छोड़ रहे पढ़ाई

**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा है कि हरियाणा के शिक्षा तंत्र की ताजा रिपोर्ट काफी चौंकाने वाली है, प्रदेश में 450 सरकारी स्कूलों में



छात्रों की संख्या 10 से भी कम रह गई है, जबकि 1,066 स्कूल ऐसे हैं जहाँ केवल एक शिक्षक पूरी जिम्मेदारी निभा रहा है। यह स्थिति न केवल शिक्षा व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करती है, बल्कि यह सवाल भी उठाती है कि क्या सरकार धीरे-धीरे सरकारी स्कूलों को बंद करने की ओर बढ़ रही है? सैलजा ने कहा है कि रिपोर्ट के अनुसार, लड़कियों की अपेक्षा लड़कों का ड्रॉप-आउट रेट ढाई गुना ज्यादा है। 9वीं से 12वीं तक पहुंचते-पहुंचते बड़ी संख्या में छात्र स्कूल छोड़ देते हैं। प्रदेश में कुल 14,338 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। लेकिन सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है।

## डॉ. खंडेलवाल विश्व स्काउट मूवमेंट संगठन के एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त

**चंडीगढ़।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. केके खंडेलवाल को विश्व स्काउट मूवमेंट संगठन के एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्ट्रैटेजिक ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जो भारत के लिए गर्व का विषय है।डॉ. खंडेलवाल, जो वर्ष 2017 से भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त हैं, को यह दायित्व उनकी पांच दशक से अधिक की स्काउटिंग यात्रा और संगठन के प्रति समर्पण के लिए सौंपा है।एशिया-प्रशांत क्षेत्र, जिसमें 33 देश और 3.7 करोड़ से अधिक स्काउट्स एवं स्वयंसेवक शामिल हैं, विश्व स्काउटिंग का सबसे बड़ा क्षेत्र है। भारत का स्काउट्स एंड गाइड्स संगठन वर्तमान में 68 लाख से अधिक सक्रिय सदस्यता के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। डॉ. खंडेलवाल ने कहा कि यह सम्मान भारतीय स्काउटिंग के प्रत्येक सदस्य का है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PAR-KING | 1 | UMB-Mix-30-2025 | सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 1275 वर्ग मीटर क्षेत्र में व्यापक पार्किंग का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | 21.10.25 15:00:00 |
| | 2 | UMB-Mix-31-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर कुल 528.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 3 | UMB-Mix-31-2025 | बरवाला रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में कुल 300.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 4 | UMB-Mix-31-2025 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन (मुख्य साइड) पर कुल 8652.70 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करते हुए सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप / ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 5 | UMB-Parkg-18-25 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर पार्किंग क्षेत्र के साथ सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप / ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 24.10.25 12:00:00 |
| | 6 | UMB-Mix-32-2025 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 2610.22 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में व्यापक पार्किंग का आवंटन। | 29.10.25 12:00:00 |
| | 7 | UMB-Mix-32-2025 | ई–रिक्शा/थ्री व्हीलर (786 वर्ग मीटर), टैक्सी (1651 वर्ग मीटर), टू व्हीलर पार्किंग (1744 वर्ग मीटर), फोर व्हीलर पार्किंग (7145 वर्ग मीटर) के लिए क्षेत्र के व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकारों का आवंटन, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन (डिवीजन अंबाला) के स्थान द्वितीय प्रवेश (पंचकूला साइड) पर कुल 11,326 वर्ग मीटर क्षेत्र का पार्किंग स्थल | 29.10.25 12:00:00 |
| Cate-ring | 8 | UMB-Mix-31-2025 | बरवाला रेलवे स्टेशन के PF नंबर 1 पर विशेष लघु खानपान इकाई (आकार 10'x6') का आवंटन | 23.10.25 12:00:00 |
| | 9 | UMB-Mix-31-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन के PF संख्या 1 पर 10'x6' आकार की विशेष लघु खानपान इकाई (स्टॉल) का आवंटन | 23.10.25 12:00:00 |
| | 10 | UMB-Mix-31-2025 | पटियाला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एसएमयू स्टॉल नंबर 12 | 23.10.25 12:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3197/25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | वर्ष 2025–26 हेतु प्रांतीय उप मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, हथीन (हथीन में लोनिवि स्टोर में सामग्री का संग्रहण) में विभिन्न सड़कों के वार्षिक रखरखाव हेतु सामग्री का अग्रिम संग्रहण (जीएसटी के बिना) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.10.2025 | 12.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd- palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव मोहाना जिला सोनीपत में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 16.10.2025 27.10.2025 | 239.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed- karnal@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 04 मदों तक मदें निहित सूची (04 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 05 मदों तक मदें निहित सूची (05 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 06 मदों तक मदें निहित सूची (06 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 09 मदों तक मदें निहित सूची (09 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 29 मदों तक मदें निहित सूची (29 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | गांव बारी बस्सी में सामुदायिक हॉल की चारदिवारी का निर्माण और गांव जटवार में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण। | 14.10.2025 23.10.2025 | 9.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज अम्बाला | डी-प्लान - गांव रज्जू माजरा में एससी चौपाल का निर्माण और गांव लोट्टाओं ब्लॉक नारायणगढ़ में बीसी चौपाल का निर्माण। | 15.10.2025 23.10.2025 | 13.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज पंचकूला | गणेशपुर भोरियां - गांव गणेशपुर भोरियां ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 14.10.2025 20.10.2025 | 57.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 12 | बागवानी अमरूद प्रदर्शन केन्द्र, भुना फतेहाबाद | सीईजी, भुना (फतेहाबाद) में माइक्रो इरीगेशन सिस्टम और ओटोमेशन यूनिट की आपूर्ति व स्थापना के लिए ई-निविदा सूचना का प्रकाशन। | 17.10.2025 06.11.2025 | 75000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896389920 ddhbhuna@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/240/39526/I/88/6 दि. 16.10.25



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1437

मनकि बलवन्ती पत्नी धर्मेन्द्र तंवर पुत्र शेरसिहं, निवासी मकान न0 डब्लू जेड. – 2 सी, नंगली जालिब, जनकपुरी, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110058 एवं बिस्वेदार गांव दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 8935 त0म0, 9107 बैय के अनुसार खेवट न0 85/68, खाता न0 86, मु0 न0 50, किला न0 19/2/2(2–15), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 15 मरले (0.34375 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 2 कनाल 15 मरले (0.34375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 16.10.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा खुली निविदा संख्या 36–अम्बाला/2025–26**
**दिनांक 15.10.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

**क्र.सं.:** 1. **कार्य का नाम:** धुरी में क्रू बुकिंग लॉबी का उन्नयन। **अनुमानित लागत** (Rs): 50,02,016 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,00,100 **कार्य समाप्ति का समय:** 06 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 2. **कार्य का नाम:** (i) एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी के जेएचएल–एचएसआर खंड पर ब्लॉक संख्या टी–2, टी–3, टी–4, ई–2, ई–10, ई–12 के जेपीएस, ई–4 के जीजेडडब्ल्यू, ई–7, टी–5, ई–12, ई–8, ई–16 के बीएक्ससी, ई–10, टी–4 के डीएनएक्स में स्टाफ क्वार्टरों में भारी छत रिसाव, टूटे दरवाजे और खिड़कियों, प्लास्टरिंग/फिनिशिंग, फर्श और सैनिटरी फिटिंग की मरम्मत और एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी के खंड में बीएफएन में गैंग संख्या 9 और जीएल 45 के गैंग क्वार्टरों और जेएचएल में गैंग संख्या 1 क्वार्टरों और जीएल क्वार्टरों की भारी मरम्मत। (ii) एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी के खंड में डीयूआई–जेएचएल खंड पर बीएसएस, एलएचए में पहुंच पथ और परिसंचारी क्षेत्र की सतह की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 54,45,353 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,08,900 **कार्य समाप्ति का समय:** 08 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 3. **कार्य का नाम:** रेलवे कॉलोनी, पटियाला में टी–56, ई–57, ई–54, ई–52 और चिल्ड्रन पार्क के स्टाफ क्वार्टरों में फर्श, प्लास्टर की मरम्मत, छत के रिसाव, टूटे दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत, डीओसी में जी–3/6 इकाइयों के स्टाफ क्वार्टरों में प्लास्टर/फिनिशिंग, फर्श और सैनिटरी फिटिंग, एनबीए में टी–5/5 यू एल–21/1 यू, जी–8/10 यू, सीटीडब्ल्यू में टी–5/6 यू और एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/पीटीए के अनुभाग में एनबीए अनुभाग में ब्लॉक नंबर टी–5/5 यू, जी–7/10 यू, ई–17/2 यू, एल–21/1 यू के खराब हो चुके सेप्टिक टैंक की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 34,35,635 **अग्रिम राशि** (Rs.): 68,700 **कार्य समाप्ति का समय:** 06 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 4. **कार्य का नाम:** सेवा भवन अर्थात टीटीई विश्राम गृह, गार्ड रनिंग रूम, लोको कार्यालय, टीआरडी कार्यालय, पावर केबिन आदि स्टेशन भवन (एमएफबी, डीजेपी, जेयूडीडब्ल्यू, वाईजेयूडी, केएनजेड, एसएसडब्ल्यू, पीकेवाई और एसआरई) में सुधार और एडीईएन/एसआरई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के खंड में विभिन्न स्टेशनों (एमएफबी, डीजेपी, जेयूडीडब्ल्यू, वाईजेयूडी, केएनजेड, एसएसडब्ल्यू, पीकेवाई और एसआरई) पर दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं सहित न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित लागत** (Rs): 2,16,17,058 **अग्रिम राशि** (Rs.): 2,58,100 **कार्य समाप्ति का समय:** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 5. **कार्य का नाम:** एडीईएन/एसआरई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के खंड में एसआरई, पीकेवाई, एसएसडब्ल्यू, केएनजेड, वाईजेयूडी, जेयूडीडब्ल्यू, डीजेडपी और एमएफबी स्टेशन पर शेड, प्रतीक्षालय, साइकिल स्टैंड और प्लेटफार्म शेल्टर की स्टील संरचना की मरम्मत और पेंटिंग। **अनुमानित लागत** (Rs): 67,34,092 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,34,700 **कार्य समाप्ति का समय:** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 6. **कार्य का नाम:** एसआरएच में जैक आर्च छत और रेलवे अस्पताल में पुरानी एस्बेस्टस सीमेंट छत शीटों का प्रतिस्थापन, ओआरएच और रेलवे अस्पताल में पार्किंग का प्रावधान, लॉन और हरे पैच का रखरखाव, एसआरई, वाईजेयूडी और डीजेडपी में वनस्पति को हटाना और सेवा भवनों में अन्य बागवानी कार्य यानी रेलवे क्लब, पीआरएस कार्यालय/दूसरा प्रवेश एसआरई में एडीईएन/एसआरई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के अनुभाग में कार्य। **अनुमानित लागत** (Rs): 76,15,575 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,52,300 **कार्य समाप्ति का समय:** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 7. **कार्य का नाम:** एडीईएन/एसआरई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/ई/एसआरई अनुभाग में केजेजीवाई में सी एंड डब्ल्यू डिपो, ईएलएस, मेमू कार शेड, नियंत्रण टावर भवन, प्रशिक्षण भवन, एएमएम डिपो आदि में शेड और सेवा भवनों की स्टील संरचना की पेंटिंग, जंग लगी और टपकी हुई छत की चादरों और घाटी नालियों को बदलना और अन्य विविध कार्य। **अनुमानित लागत** (Rs): 1,78,22,639 **अग्रिम राशि** (Rs.): 2,39,100 **कार्य समाप्ति का समय:** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 8. **कार्य का नाम:** (i) एडीईएन/एसआरई के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/डब्ल्यू/ई/एसआरई के अनुभाग में सहारनपुर में ब्लॉक संख्या ई–43/ए–बी, ई–39, ई–11 (केडब्ल्यूटी), ई–3,84,108,485 122,92,94,95,269,87 आदि में क्षतिग्रस्त लकड़ी और स्टील के दरवाजे, खिड़की, छत, फर्श, प्लास्टर की मरम्मत और स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत। (ii) एडीईएन/जेयूडीडब्ल्यू के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू के अनुभाग में रेलवे कॉलोनी, जेयूडीडब्ल्यू में सर्विस रोड (स्टोर डिपो से ब्लॉक संख्या 163, चुंगी से कालका कॉलोनी, ब्लॉक संख्या 266 से 262, ऑफिसर लेन, ब्लॉक संख्या 1 से 305 और कॉलोनी गेट से स्टोर डिपो तक) की मरम्मत, स्वच्छता सुविधाएं और जंग लगी पाइप लाइन आदि के प्रतिस्थापन सहित जल आपूर्ति। **अनुमानित लागत** (Rs): 81,18,812 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,62,400 **कार्य समाप्ति का समय:** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 9. **कार्य का नाम:** 1. फिल्टर प्लांट की ओवरहालिंग, फिल्टर मीडिया की रिकवरी और अवसादन टैंक, ओएच, यूजी जल भंडारण टैंकों की सफाई, कूल्ह की सफाई, कौशल्या, माजरा और पिंजौर से सीआई पाइपलाइन के रिसाव की मरम्मत और एसएसई/डब्ल्यू/केएलके के खंड में गर्मियों के मौसम में पानी उठाने के लिए कौशिला बेड में पंपों का संचालन। 2. एडीईएन/एसएमएल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/केएलके के खंड में कूल्ह की मरम्मत, डायवर्जन बिंदु पर रिटेनिंग वॉल, पंप हाउस के पास रिटेनिंग वॉल को ऊपर उठाना, कौशल्या फिल्टर प्लांट में पंप हाउस की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 85,43,344 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,70,900 **कार्य समाप्ति का समय:** 12 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 10. **कार्य का नाम:** एडीईएन/एसएमएल के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एसएमएल अनुभाग में सेवा भवनों और स्टेशन भवनों (एसएचजेड, जेटीओ, टीवीआई, केईजेड और एसएलआर स्टेशन और केबिन) की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 68,31,677 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,36,600 **कार्य समाप्ति का समय:** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

**क्र.सं.:** 11. **कार्य का नाम:** लेवल क्रॉसिंग संख्या 79–सी, 76–77–सी, 77 सी/ए, 82–सी–108, 109–सी पर हैंडपंपों की मरम्मत के साथ–साथ बोरवेल के लिए गैन्ट्री की मरम्मत और एडीईएन/बीटीआई के खंड में बीटीआई–डीयूआई खंड पर एसईक्यू, एएलएल, टीएपीए, एचवाईए, बीसीयू, एलएचएम, बीटीआईसी में प्लेटफार्न शेल्टर, वाटर बूथ, शौचालय की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 68,80,849 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,37,600 **कार्य समाप्ति का समय:** 08 महीने, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2025

नोटः 1 ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2 अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3 निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4 ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5 जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3198/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रोहतक

शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 258

पृष्ठ 16 मूल्य 3.00


मौसम

अधि. 34.9

न्यून. 15.8


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,467.66 | 862.23 ▲ |
| निफ्टी | 25,585.30 | 261.75 ▲ |
| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
| सोना | 1,31,600/- | 200/- ▼ |
| चांदी | 1,84,000/- | 2000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.87 | 21 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 62.12 बैरल 0.36% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






## पीजीआई में पोस्टमार्टम के बाद पैतृक गांव ले जाया गया शव

# एएसआई संदीप पंचतत्व में विलीन बच्चों का खर्च उठाएगी सरकार

**जुलाना में अंतिम संस्कार बेटे रेहान ने दी मुखाग्नि** | **पुलिस ने दी सलामी, अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब** | **संदीप अमर रहे के नारे लगे सभी की आंखे रही नम** | **चार मंत्री और कार्यवाहक डीजीपी पहुंचे, विपक्षी नेताओं ने भी दी श्रद्धांजलि**



**रोहतक/जींद (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा पुलिस के एएसआई संदीप लाठर गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके पैतृक गांव जुलाना में पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके पार्थिव शरीर को उनके बेटे रेहान ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में डिप्टी स्पीकर सहित हरियाणा सरकार के 4 मंत्री और कार्यवाहक डीजीपी पहुंचे। इनके अलावा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, अजय चौटाला समेत विपक्ष के कई बड़े नेता भी पहुंचे। अंतिम संस्कार के समय गांव जुलाना में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों, परिजनों ने संदीप लाठर अमर रहे के नारों के साथ अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। इससे पहले पोस्टमॉर्टम के बीच केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल एएसआई के परिजनों से मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि एएसआई की पत्नी को सरकारी नौकरी मिलेगी और उनके बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएगी।

### पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी

एएसआई संदीप लाठर के शव का गुरुवार सुबह तीन डॉक्टरों की टीम ने रोहतक पीजीआई में पोस्टमार्टम किया। इस दौरान वीडियोग्राफी भी करवाई गई। इसके बाद अंतिम यात्रा को सम्मानपूर्वक तरीके से जींद के जुलाना के लिए रवाना किया।

### अंतिम संस्कार में ये नेता व अधिकारी पहुंचे

अंतिम संस्कार में राज्य के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, रणबीर सिंह गंगवा, महिपाल ढांडा, श्रुति चौधरी, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, जुलाना विधायक विनेश फोगाट, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, योगेश बैरागी, बीजेपी जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, अजय चौटाला, रामपाल माजरा, अमरजीत ढांडा, प्रशासन की ओर से डीजीपी ओपी सिंह, एडीजीपी केके राव, आईजी सिमरदीप सिंह, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, जींद एसपी कुलदीप सिंह, रोहतक एसपी सुरेंद्र भोरिया, जींद एएसपी सोनाक्षी सिंह अन्य ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ : मनोहर



केंद्रीय शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने स्थानीय पीजीआई पहुंचकर एएसआई स्वर्गीय संदीप लाठर के परिवारजनों से मिलकर उनका दुख सांझा किया। उन्होंने प्रभु से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को यह अथाह दुख सहन करने का साहस और संबल दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटी है, जो नहीं घटनी चाहिए थी। मनोहर लाल ने कहा कि परिवार की मांग पर एएसआई की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाएगी। सरकार द्वारा परिवार के बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था भी करवाई जाएगी। नियमानुसार परिवार को सभी लाभ प्रदान किए जाएंगे।

### हिंदू रीति रिवाज से होगा आईपीएस पूरन की अस्थियों का विसर्जन



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** आईपीएस वाई पूरन कुमार का परिवार उनका अस्थि-विसर्जन रस्म हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार करेगा। सुसाइड के नौवें दिन बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया था। वाई पूरन कुमार मूल रूप से आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे, जबकि उनकी आईएएस अफसर पत्नी अमनीत पी. कुमार पंजाब की हैं। ऐसे में तय हुआ कि सभी रस्में हिंदू परंपरा के अनुसार पूरी की जाएंगी। पूरन कुमार को इंसाफ दिलाने के लिए बनी 51 सदस्यीय कमेटी के लीगल एडवाइजर ओ.पी. इंदल ने बताया कि अमनीत पी. कुमार गुरुवार को अस्थियां लेकर उत्तराखंड के हरिद्वार जाएंगी, जहां उनका अस्थि-विसर्जन संस्कार होगा। इस दौरान उनकी दोनों बेटियां और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

## गानों में सांपों का इस्तेमाल कर कानून का उल्लंघन किया

# यूट्यूबर एल्विश और सिंगर फाजिलपुरिया पर चार्जशीट





**ईडी कर चुकी 55 लाख रुपये की प्रॉपर्टी अटैच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

फेमस यूट्यूबर एल्विश यादव और सिंगर राहुल फाजिलपुरिया के खिलाफ ईडी ने स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। दोनों पर गानों में सांपों का इस्तेमाल कर वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के उल्लंघन करने के गंभीर आरोप हैं। इस मामले में चंडीगढ़ की म्यूजिक कंपनी स्काई डिजिटल को भी सह-आरोपी बनाया गया है। ईडी इस मामले में दोनों की 55 लाख रुपये की प्रॉपर्टी को पहले ही अटैच कर चुकी है। दरअसल पूर्व सांसद और पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी की संस्था पीपुल्स फॉर एनिमल्स के कार्यकर्ता सौरभ ने सांपों को पार्टी और गानों में अवैध तरीके से प्रयोग करने की शिकायत दर्ज की थी।

### पिछले साल गिरफ्तार हुए थे एल्विश यादव

नोएडा के रहने वाले गौरव गुप्ता की शिकायत पर 2 नवंबर 2023 को एल्विश यादव सहित छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जांच के बाद नोएडा पुलिस ने 17 मार्च 2024 को एल्विश यादव को गिरफ्तार किया था। आरोप पत्र में कहा गया है कि स्काई डिजिटल कंपनी इस गैरकानूनी गतिविधि में शामिल थी और संभवतः इसे स्पॉन्सर करने या तकनीकी सहायता प्रदान करने में भूमिका निभाई।

### कमाई को प्रॉपर्टी में इंवेस्टमेंट किया

ईडी ने अपनी जांच में पाया कि इस गतिविधि से प्राप्त कमाई को प्रॉपर्टी में निवेश किया गया था, जिसके बाद 55 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। पीपुल्स फॉर एनिमल्स के सदस्य सौरभ ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि मशहूर हस्तियों द्वारा जीव जंतुओं के इस तरह गलत इस्तेमाल करने से खराब संदेश जाता है। एल्विश यादव अपनी यूट्यूब वीडियो और बिग बॉस ओटीटी की जीत के बाद लाखों युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं। दूसरी ओर राहुल फाजिलपुरिया अपने गानों के लिए जाने जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### नायब सरकार का एक वर्ष पूरा, पंचकूला में राज्य स्तरीय समारोह आज



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी पंचकूला इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सरकार की प्रमुख उपलब्धियों, पहलों और जनकल्याण को प्रतिबद्ध रोडमैप को साझा करेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने उच्च स्तरीय बैठक कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। जिला उपायुक्तों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। *ब्यूरो*

**अब डब्ल्यूएचओ की मंजूरी जरूरी**

## किसी भी फूड-ड्रिंक प्रोडक्ट पर ओआरएस लिखना बैन

**नई दिल्ली (भाषा)।** किसी भी फूड-ड्रिंकिंग प्रोडक्ट पर अब ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) का लेबल लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ) से मंजूरी जरूरी होगी। केंद्र सरकार की खाद्य सुरक्षा संस्था ने गुरुवार को यह आदेश जारी किए। कहा कि जिन कंपननियों के पास डब्ल्यूएचओ की मंजूरी नहीं है, वे अपने प्रोडक्ट्स से ओआरएस लेबल हटा लें। दरअसल, ड्रिंक कंपनियां बच्चों के मीठे पेय पदार्थों को ओआरएस के नाम से बेच रही थीं, जिससे लोग गुमराह हो रहे थे। जिन ड्रिंक्स में शुगर ज्यादा होती है, वे बच्चों के डायरिया को और खराब कर सकती हैं। इसे लेकर खाद्य सुरक्षा संस्था को शिकायत मिली थीं। हैदराबाद की बच्चों की डॉक्टर डॉ. शिवरंजनी संतोष ने इसके लिए 8 साल लड़ाई लड़ी। सरकारी संस्थाओं से लेकर हाईकोर्ट तक में अपील की।




हैदराबाद की महिला डॉक्टर ने बच्चों के लिए 8 साल तक लड़ी लड़ाई

**जयपुर-असर्वा एक्सप्रेस में शुरू किया पायलट प्रोजेक्ट**

## ट्रेन में बेडरोल में कंबल के साथ अब मिलेगा कवर

**जयपुर (एजेंसी)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार से राजस्थान के खातीपुरा जयपुर रेलवे स्टेशन पर जयपुर-असर्वा एक्सप्रेस के एसी क्लास पैसेंजर्स के लिए कंबल कवर की सुविधा शुरू की है। यह पायलट प्रोजेक्ट है, जो सफाई और हाइजीन सुधारने के लिए लाया गया है। सभी एसी कोच के यात्रियों को प्रिंटेड कंबल कवर मिलेंगे, ताकि गंदे कंबल और बदबू आने की शिकायत न मिले। रेल मंत्री ने कहा कि अगर यह सुविधा सफल रही तो पूरे देश में इसे लागू किया जाएगा। इससे पहले रेलवे ने जानकारी दी थी कि एसी कोच में बेडरोल में मिलने वाले कंबल को हर महीने धोया जाता है। पहले बेडरोल किट में एक्स्ट्रा बेडशीट दी जाती थी, जो क्विल्ट कवर की तरह इस्तेमाल होती थी।



सुविधा सफल रही तो पूरे देश में लागू करेंगे

**पीएम आवास योजना**

## 1.41 लाख अतिरिक्त घरों के निर्माण को मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)-शहरी 2.0' के तहत 1.41 लाख अतिरिक्त घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही इस योजना के तहत स्वीकृत आवासीय इकाइयों की कुल संख्या 10 लाख से अधिक हो गई है। मंत्रालय ने बयान में बताया कि केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) की बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसकी अध्यक्षता आवास एवं शहरी मामलों के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने की। अतिरिक्त घरों के निर्माण की मंजूरी 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल करती है। इनमें असम, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, मेघालय, हरियाणा, ओडिशा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। योजना से लाभार्थियों का जीवन आसान होगा।



14 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को किया शामिल

# पंजाब डीआईजी की चंडीगढ़ कोठी से ₹5 करोड़ मिले

**रिश्वत केस में किए गिरफ्तार** | **15 प्रॉपर्टी-लग्जरी गाड़ियों का खुलासा** | **स्क्रैप कारोबारी ने दर्ज की शिकायत**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को रिश्वत केस में गिरफ्तार किया है। उनकी कोठी से 5 करोड़ का कैश मिला। है। डीआईजी ने बिचौलिए के जरिए फतेहगढ़ साहिब में मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी से 8 लाख की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत न देने पर उसके 2 साल पहले सरहिंद में दर्ज पुराने केस में चार्जशीट पेश करने और नए फर्जी केस दर्ज करने की धमकी दी गई। कारोबारी ने इसकी शिकायत सीबीआई को कर दी। सीबीआई ने जांच के बाद ट्रैप लगा गुरुवार को डीआईजी को गिरफ्तार कर लिया।



सीक्रेट लोकेशन पर हो रही पूछताछ

### नोट गिनने के लिए मशीन मंगानी पड़ी

इसके बाद दिल्ली और चंडीगढ़ से आई सीबीआई की करीब 52 लोगों की टीम ने उनके मोहाली ऑफिस और चंडीगढ़ के सेक्टर 40 की कोठी को खंगाला। उनकी कोठी से 5 करोड़ का कैश मिला। जो 3 बैग और 1 अटैची में भरा हुआ था। इससे गिनने के लिए सीबीआई की टीम को नोट गिनने वाली मशीन मंगवानी पड़ी। इसके अलावा भारी मात्रा में गहने भी मिले। सीबीआई को डीआईजी की 15 प्रॉपर्टी और लग्जरी गाड़ियों के डॉक्यूमेंट्स भी मिले है। डीआईजी की चंडीगढ़ कोठी में सीबीआई की टीमें अभी भी जांच कर रही हैं। भुल्लर को मोहाली स्थित डीआईजी ऑफिस से पकड़ने की सूचना है लेकिन अभी तक जांच एजेंसी ने औपचारिक पुष्टि नहीं की है।

**आज 11.30 बजे नई कैबिनेट का शपथ समारोह**

# गुजरात में भूपेंद्र सरकार के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल कैबिनेट के सभी 16 मंत्रियों ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। शुक्रवार को गांधीनगर में सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट की शपथ होगी। इस फेरबदल को राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं, 2 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं। गुजरात कैबिनेट में सीएम समेत 17 मंत्री थे, जिसमें 8 कैबिनेट और 8 राज्य मंत्री थे। अब यह संख्या बढ़कर 22-23 हो सकती है। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं। गुजरात विधानसभा में 182 विधायक हैं। कुल संख्या के 15% की अधिकतम सीमा के लिहाज से सीएम समेत कुल 27 मंत्री हो सकते हैं।



### आलाकमान संतुष्ट नहीं

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मौजूदा सरकार के ज्यादातर मंत्री भाजपा आलाकमान की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए हैं। इसके अलावा, हाल ही में हुए विसावदर विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कैंपेन के बावजूद भाजपा आप के गोपाल इटालिया को हरा नहीं पाई थी।

### सत्ता विरोधी लहर

नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के बाद से गुजरात सरकार में लगातार बदलाव हुए हैं। आनंदीबेन पटेल और विजय रूपाणी सरकारों के अचानक इस्तीफे और अब मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सरकार में बदलाव। ये सारे बदलाव तभी हुए हैं, जब गुजरात की जनता में सत्ता विरोधी लहर का असर महसूस होने लगा।

**बड़बोले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कर दिया बड़ा दावा**

# ट्रंप बोले, भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा, विदेश मंत्रालय ने कहा, मोदी व ट्रंप में कोई बात नहीं हुई

*ट्रंप ने दावा किया कि मोदी ने उनसे कहा है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे रिश्ते हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा।*

### जायसवाल ने कहा हमारे हित सर्वोपरि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को भारत ने एक बार फिर खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। दरअसल ट्रम्प ने दावा किया था कि बुधवार को पीएम मोदी ने उनसे कहा है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे रिश्ते हैं। ट्रम्प ने आगे कहा कि भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा।

**आयात नीति राष्ट्रहित पर निर्भर**

### यह कहा था ट्रंप ने

ट्रम्प ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए यह कहा कि हाल में भारत में अमेरिकी राजदूत बनने जा रहे सर्जियो गोर और पीएम मोदी की मुलाकात हुई थी। उन्होंने भरोसा दिया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि वे इसे तुरंत रोक नहीं सकते, लेकिन इसका एक प्रोसेस है जिसे जल्द पूरा किया जाएगा।





### विदेश मंत्रालय का दो टूक जवाब

ट्रम्प के दावे पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'भारत तेल और गैस का बड़ा खरीदार है। जनता के हितों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां इसी मकसद को पूरी करती हैं। ऊर्जा नीति के दो लक्ष्य हैं, पहला स्थिर कीमतें तय करना और दूसरा सुरक्षित आपूर्ति बनाए रखना।' जायसवाल ने आगे कहा, 'इसके लिए हम ऊर्जा स्रोतों को व्यापक बनाते हैं और बाजार स्थितियों के अनुसार विविधता लाते हैं। जहां तक अमेरिका का सवाल है, हम कई सालों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है।'

## खबर संक्षेप

### पानीपतः तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव खोतपुरा में घर के बाहर खेल रहा आठ वर्षीय राजू पुत्र धर्मेंद्र निवासी मधुबनी, बिहार हाल निवासी गांव खोतपुरा तालाब में डूब गया। ग्रामीणों ने परिजनों के साथ मिल कर राजू को पानी से बाहर निकाला और पानीपत के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने राजू को मृत घोषित कर दिया।

### फाइनेंसर के खिलाफ केस, पुलिस जांच में जुटी

**अंबाला।** फाइनेंसर से तंग आकर बीसी बाजार के राजिंदर यादव ने एसपी को शिकायत दी। पुलिस ने संजीव गर्ग नामक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। राजिंदर यादव ने बताया कि वह बब्याल रोड पर चाय की दुकान चलाता है। उसने वर्ष 2022 में 24 हजार रुपये रोजाना ब्याज के हिसाब से लिए थे जोकि वह दे चुका है। बावजूद इसके आरोपी ने उसका और लक्की का चेक कोर्ट में लगा दिया और 50 हजार रुपये वसूल कर लिए। उन्होंने बताया कि वह सूदखोर से परेशान हो गया है।

### पराली जलाने के आरोप में किसान पर केस दर्ज

**पानीपत।** कृषि विभाग ने पानीपत के गांव कुराना निवासी किसान रणधीर सिंह के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में थाना मतलौडा की उरलाना कलां चौकी में केस दर्ज करवाया है। वहीं, कृषि विभाग के ब्लाक विकास अधिकारी शमशेर सिंह ने रणधीर सिंह को करीब दो एकड़ भूमि पर पराली जलाते हुए मौके पर पकड़ा। बीएओ शमशेर सिंह की शिकायत पर रणधीर पर केस दर्ज करवाया है।

### ठगी मामले में साइबर थाना सैंट्रल ने 5 पकड़े

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड से हिडेन चार्जिंज हटाने के नाम ठगी करने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 29 फरीदाबाद निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से कॉल आया जिसने बैंक का ऐजेंट बताया तथा क्रेडिट कार्ड से हिडेन चार्ज हटाने के लिए उसने शिकायतकर्ता से क्रेडिट कार्ड डिटेल्स व ओटीपी पूछाए जिसके उपरांत शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 32,500 कट गये।

**पांच दिन पहले भी देखा गया था संभावित तेंदुआ, परिसर से अचानक हो गए गायब कुत्ते**

# बावल कॉलेज में नजर आया तेंदुआ, रात भर चला सर्च ऑपरेशन, रेस्क्यू करने में नहीं मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/बावल

बावल राजकीय कॉलेज के सीसीटीवी कैमरे में बुधवार की रात संभावित तेंदुआ नजर आने से हड़कंप मच गया। रात को ही पुलिस व वन्य प्राणी विभाग झाबुआ की टीमें कॉलेज में पहुंच गई। देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन जानवर पकड़ में नहीं आया। यह जानवर पांच दिन पहले भी कॉलेज में देखा गया था, जिसके बाद वन्य प्राणी विभाग की टीम ने पंजों के निशान देखकर तेंदुआ या चीता होने की बात स्वीकार नहीं की थी। टीम ने वीरवार को भी कॉलेज परिसर में जानवर की तलाश की, लेकिन रेस्क्यू करने में सफलता नहीं मिली थी।



रेवाड़ी। राजकीय कॉलेज बावल में रात को घूमता तेंदुआ, जानवर के पदचिंह देखती टीम और जानवर के पदचिंह देखती टीम।

### सबसे पहले कॉलेज के चौकीदार को सीसीटीवी में दिखाई दिया

कॉलेज का चौकीदार जितेंद्र रात को ड्यूटी पर तैनात था। कॉलेज के एक कमरे में बैठकर वह सीसीटीवी कैमरे से कॉलेज परिसर की निगरानी कर रहा रहा था। करीब साढ़े 10 बजे उसे कैमरे में तेंदुएनुमा जानवर दिखाई दिया। उसने कॉलेज प्राचार्या डा. नमीता को इसकी सूचना दी। कैमरा मोबाइल फोन से अटैच होने के कारण डा. नमीता को भी यह जानवर दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस और वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। रात को ही पुलिस व वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई। सीसीटवी फुटेज देखने के बाद जानवर की तलाश शुरू की गई, परंतु वह सामने नहीं आया। वीरवार को एक बार फिर वन्य प्राणी विहार की टीम सर्च ऑपरेशन चलाया।



प्राचार्य डा. नमीता।

### झाड़ियों में एक-दो कुत्तों के कंकाल भी मिले

कॉलेज के प्रवक्ता मनीष कुमार ने बताया कि पहले कॉलेज परिसर में कई कुत्ते विचरण करते थे। कुछ दिनों से कुत्तों की संख्या काफी कम हो गई है। चार से पांच कुत्ते गायब हो गए हैं। झाड़ियों में एक-दो कुत्तों के कंकाल भी मिले हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इन कुत्तों को जंगली जानवर ने अपना शिकार बनाया है। पहले वन्य प्राणी विभाग के कर्मचारियों को बुलाया गया था, लेकिन वह पदचिन्हों की पहचान नहीं कर पाए थे।

### पहले क्षेत्र में सरिस्का से भटककर आया था टाइगर

बीते वर्ष बावल क्षेत्र के झाबुआ बीहड़ से होते हुए एक टाइगर अलवर के सरिस्का से भटककर आ गया था। टाइगर ने कई दिनों तक क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना दिया था। बाद में वन्य प्राणी विहार की टीम ने टाइगर का रेस्क्यू करने के बाद उसे वापस सरिस्का भेज दिया था। अब संभावित तेंदुए ने कॉलेज व आसपास के एरिया के लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। रेस्क्यू किए जाने तक कॉलेज के विद्यार्थियों में दहशत बनी रहेगी।

**सफाई नहीं होने से पेड़-पौधों ने लिया जंगल का रूप**

*जानवर की सूचना के बाद कॉलेज के विद्यार्थियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। विद्यार्थियों का कहना है कि कॉलेज परिसर में सफाई नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में खड़े पेड़-पौधों ने जंगल का रूप लिया हुआ है, जिसमें कभी भी जंगली जानवर आकर छिप सकते हैं। यह जानवर विद्यार्थियों पर हमला भी कर सकते हैं, लेकिन कॉलेज प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है।*

**असुरक्षा का माहौल बना**

*अब सीसीटीवी कैमरे में संभावित तेंदुआ साफ दिखाई दिया है, जिससे विद्यार्थियों के लिए असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। वे बाहर निकलने में भी डर रहे हैं।*

**पड़ोसी युवक-युवती ने मंदिर में रचाई शादी**

# सिरसा में लड़की की लव मैरिज से बिफरे परिजन, लड़के के घर तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिले में गांव में पड़ोस के युवक और युवती ने लव मैरिज कर ली। इससे युवक-युवती के परिवारों में आपसी रंजिश बढ़ गई। जिसके चलते युवती के परिजनों ने युवक के घर पर हमला कर दिया।

युवती के परिजनों ने घर में तोड़फोड़ कर दी और परिवार को धमकी दी है कि उनकी लड़की को वापस घर भिजवा दो, वरना ठीक नहीं होगा। इस डर से युवक के परिवार ने गांव स्थित घर में छोड़ दिया। मामले में युवती भी प्रेमी पति और उसके परिवार के साथ उनके पक्ष में आ गई है। युवती ने भी ससुराल वालों के बचाव में कार्रवाई की मांग करते हुए एसपी को शिकायत दी है। जिसके बाद पुलिस ने लड़की पक्ष के लोगों पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

**बेटी की ससुराल से सामान चुराने का आरोप लगाया** | **युवक के परिवार ने गांव स्थित घर को ही छोड़ दिया**



### मंदिर में शादी कर कोर्ट से करवाया पंजीकरण



युवती ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव साहरणी के विक्रम कुमार के साथ 19 जून को लव मैरिज की थी। जिसका कोर्ट से पंजीकरण भी करवाया हुआ है। उस वक्त उसके घरवाले खुश नहीं थे। वह अपने पति के साथ रह रही है। पुलिस कार्रवाई भी पूरी हो चुकी है और बयान भी दर्ज करवाए थे।

### दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी

युवक के परिजनों के अनुसार, 19 वर्षीय आकृति और 22 वर्षीय विक्रम दोनों ही पड़ोस के ही रहने वाले हैं। आकृति 12वीं की पढाई पूरी करने के बाद घर पर रहती थी। विक्रम प्लम्बर है। युवक के परिवार में बड़ा भाई व माता-पिता है। पड़ोसी होने के नाते उनका आपस में संपर्क था।

**ठिकाने बदलती रहती**

### गुरुग्राम से पकड़ी राजस्थान की लुटेरी दुल्हन, कुंवारे निशाने पर

*गुरुग्राम। गुरुग्राम के सरस्वती इन्क्लेव में छिप कर रह रही राजस्थान की लुटेरी दुल्हन काजल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। काजल गिरफ्तारी से बचने के लिए एक साल से ठिकाने बदल कर पुलिस को चकमा दे रही थी। यह अपने परिवार के साथ मिलकर शादी के नाम पर कुंवारों को ठगने का काम करती है। मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और टेक्नोलॉजी की मदद से राजस्थान के सीकर जिले की पुलिस गुरुग्राम पहुंची। जहां गली नंबर दो के एक मकान से उसे अरेस्ट कर लिया। वह अंकित नाम के व्यक्ति के घर में किराए पर रहती थी। काजल के पिता भगत सिंह, मां सरोज देवी, बहन तमन्ना और भाई सूरज को पुलिस पहले ही अरेस्ट कर चुकी है। यह परिवार मूल रूप से जिला मथुरा के गोवर्धन का रहने वाला है। राजस्थान के जयपुर और सीकर समेत कई जिलों में फर्जी शादी कर ठगने के आरोप हैं।*



### पहले मां-बाप पकड़े

एफआईआर दर्ज होने के बाद सीकर जिले के दांतारामगढ़ थानाधिकारी जय सिंह बसेरा ने मामले की जांच शुरू की। जांच का जिम्मा सहायक उप निरीक्षक पूरणमल को सौंपा गया। पुलिस ने 18 दिसंबर 2024 को भगत सिंह और उनकी पत्नी सरोज को मथुरा के गोवर्धन से गिरफ्तार कर लिया। यह परिवार संगठित रूप से ठगी का धंधा चला रहा था।

**गुरुग्राम में दर्दनाक हादसा**

### ट्रॉला कार पर पलटा, विप्रो कंपनी के कर्मी की मौत, तीन गंभीर



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम शहर में गुरुवार सुबह करीब 7 बजे सेक्टर-49/50 की रेडलाइट के पास गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर रोड़ी (पत्थर के टुकड़े) से भरा ट्रॉला अनियंत्रित होकर कार पर पलट गया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, और उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। ड्राइवर सहित एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रॉला के ड्राइवर को भी चोटें आई हैं। इस दुर्घटना में कुल 4 लोग घायल हुए थे, जिन्हें तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां एक ने दम तोड़ दिया। जिस व्यक्ति की मौत हुई है, वह मल्टीनेशनल कंपनी विप्रो में सिक्योरिटी गार्ड था।

**3 फंसे थे, छत तोड़कर निकाले**

*सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ ही देर में मौके पर क्रेन मंगाई गई, जिससे कैब के ऊपर से ट्रक को हटाया गया। कैब पूरी तरह टूट गई थी। उसमें बैठ 3 लोग अंदर ही फंसे हुए थे। उन्हें क्रेन से ही गाड़ी की छत तोड़कर बाहर निकाला गया। सभी की हालत नाजुक थी। ट्रक के ड्राइवर को चोट लगी है।*

### स्कूल से घर लौट रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में स्कूल से घर लौट रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जब छात्राओं के भाई ने आरोपी का विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट की। आरोपी पर छात्राओं की मां के साथ गाली गलौच करने व जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप लगा है। व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में एक गांव निवसी महिला ने बताया कि उसके पास 14 वर्षीय व 12 वर्षीय बेटियां हैं जबकि 11 वर्षीय बेटा भी है। वह तीनों गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल से छुट्टी के बाद दोनों घर आती हैं तो गांव का ही हरजोत सिंह उनके साथ छेड़छाड़ करता है। 13 अक्टूबर को दो बेटियां व बेटा स्कूल से वापस लौट रहे थे। हरजोत ने बेटियों से छेड़छाड़ की। जब बेटे ने आरोपी का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे थप्पड़ मारे।

**संकल्प-पत्र के 217 में से 46 वादे एक साल में पूरे**

# मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही 24 हजार को दी नौकरियां, मुफ्त डायलिसिस सेवाएं, 48 घंटे के भीतर फसल खरीद का भुगतान

पूरे किए गए संकल्प। हमने पिछले विस चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 46 वादों को एक साल में ही पूरा कर दिखाया है। यही नहीं, 158 वादों पर काम प्रगति पर है। यह एक वर्ष का समय भले ही कम है, लेकिन हमने जिस नॉन-स्टाप विकास का संकल्प लिया था। उसकी सिद्धि में यह एक वर्ष विकास की तिगुणी गति का साक्षी है। हम इसी वित्त वर्ष में कुल 90 संकल्प पूरे कर लेंगे।

❒ नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही 17 अक्तूबर, 2024 को 24,000 युवाओं को ग्रुप-सी की सरकारी नौकरियां दी गई।

❒ इसके अलावा ग्रुप ए व बी के हरियाणा लोक सेवा आयोग ने 01 अप्रैल 2024 से 13 नवंबर 2024 तक कुल 1311 उम्मीदवारों का चयन किया है।

❒ सभी नागरिक जिला अस्पतालों व मेडिकल कालेजों में 18 अक्तूबर, 2024 से किडनी रोगियों के लिए मुफ्त डायलिसिस सेवाएं शुरू की गईं।



❒ 24. नवम्बर, 2024 में आयोजित पहले विधानसभा सत्र में ही अनुबंधित कर्मचारियों, तकनीकी शिक्षा, अतिथि संकाय और कॉलेजों के एक्सटेंशन लेक्चरर व अतिथि प्राध्यापकों को सेवा सुरक्षा प्रदान की।

❒ सभी 24 फसलों के दाने-दाने की खरीद एमएसपी पर करने की अधिसूचना 19 दिसम्बर, 2024 को जारी की गई।

❒ किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए ई-खरीद एप्लीकेशन द्वारा घर बैठे ई-गेट पास बनाने की सुविधा दी। किसान अपनी सुविधा अनुसार अपनी सारी फसल का एक गेट पास बनाकर मंडी में बेच सकता है।

❒ खरीफ सीजन-2024 से किसानों की फसल खरीद का पैसा फसल का Exit Gate Pass कटने के 48 घंटे के अन्दर डीबीटी के माध्यम से कर दिया जाता है।

❒ विधानसभा में 18 नवम्बर, 2024 को बिल पास करके हरियाणा के गठन से पहले के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक दिया।

❒ 'हर घर-हर गृहणी' योजना के तहत प्रदेश के 15 लाख से अधिकअंत्योदय तथा बी.पी.एल. परिवारों को केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडरदिया जा रहा है।

❒ मातृभाषा सत्याग्रहियों की पेंशन 14 जनवरी से 15 से बढ़ाकर 20,000 मासिक की गई।

❒ छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए 'हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना-2025' गत 23 जनवरी को शुरू की गई। इसमें जीएसटी से पहले के 7 अधिनियमों के तहत बकाया कर राशि का निपटान किया जा रहा है। इसके तहत 10 लाख रुपये तक की बकाया राशि वाले करदाताओं को 1 लाख तक की छूट मिलेगी।

❒ 70 साल से अधिक आयु वर्ग के सभी बुजुर्गों के लिए 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत 5 लाख रुपये सालाना की मुफ्त इलाज सुविधा शुरू की गई।

❒ राज्य में बी.पी.एल. परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों की मोतियाबिंद सर्जरी मुफ्त की जा रही है।

❒ 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' में माता वैष्णो देवी और शिरडी साईं मंदिर की दर्शन यात्रा को भी शामिल किया गया। इसके अलावा प्रयागराज में हुए महाकुम्भ की यात्रा को भी शामिल किया गया।

❒ नागरिक कल्याण हेतु गत 22 अक्तूबर से नगर निकायों में समाधान शिविर शुरू किए गए। इनमें 75 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया किया गया। इसके अतिरिक्त, जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से भी आमजन की 45 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया।

❒ हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण का गठन किया गया।

❒ नियमित महिला सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां प्रतिवर्ष 20 से बढ़ाकर 25 कीं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में काम कर रही महिला कर्मियों की छुट्टियां प्रतिवर्ष 10 से बढ़ाकर 22 कीं।

❒ नकली खाद, बीज और कीटनाशक बनाने व बेचने वालों को 5 साल की सजा देने का कानून लागू किया।

❒ हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी दी। HKRN में उप-पोर्टल का प्रावधान किया गया है।

❒ नई एकीकृत पेंशन स्कीम (UPS) को लागू करने के लिए 2 जुलाई, 2025 को अधिसूचना जारी की जा चुकी है। सूबे के 2 लाख कर्मियों को लाभ होगा।

❒ डंकी रूट की समस्या को खत्म करने हेतु 26 मार्च, 2025 को विधानसभा में बिल पास करके एक्ट बनाया गया। इसका उद्देश्य यात्रा एजेंटों के काम में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करना है। साथ ही उनके6अवैध और धोखाधड़ीपूर्ण लेनदेन की जांच कर उन पर अंकुश लगाना है।

❒ साइबर सुरक्षा में सुधार और साइबर अपराधों रोकने को हर उपमंडल में साइबर डैस्क/सैल की स्थापना हुई।



❒ जिला सिरसा, फतेहाबाद, अम्बाला, हिसार, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल एवं पानीपत में 8 डैडिकेटिड एन.डी.पी.एस. फास्ट ट्रैक कोर्ट की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। एच.एस.एन.सी.बी. द्वारा एन.डी.पी.एस. मानिटरिंग सेल स्थापित की गई है।

❒ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक समय से काबिज परिवारों के लिए 12 दिसम्बर, 2024 को अधिसूचना जारी की गई है। गांव का कोई निवासी 31.03.2004 को या उससे पहले 500 वर्ग गज तक की भूमि पर घर बनाया है, वह 31.03.2004 के कलेक्टर रेट के आधे मूल्य पर उस भूमि को खरीदने बारे आवेदन कर सकता है।

❒ रेवाड़ी में सैनिक संग्राहलय पहले से ही स्थापित है और नवीनीकरण के लिए 18 लाख की राशि जारी की जा चुकी है।

❒ प्रदेश में एम.एस.एम.ई. निदेशालय ने प्राकृतिक आपदाओं और आग तथा चोरी जैसी अप्रत्याशित घटनाओं की बीमा कवरेज के लिए वित्तीय सब्सिडी प्रदान करता है। सुरक्षा ऑडिट पर किए गए व्यय के 75 प्रतिशत, अधिकतम 1 लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति की जाती है।27. शहीद सैनिकों के हर बच्चे को 6वीं से 12वीं कक्षा तक 60,000 रुपये, स्नातक तक 72,000 रुपये तथा स्नातकोत्तर तक 96,000 रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु कैबिनेट की बैठक में इसकी स्वीकृति मिल चुकी है।

❒ किसानों / उद्यमियों के लिए 5000 मीट्रिक टन तक के कोल्ड स्टोरेज की स्थापना हेतू विभागीय स्कीमों में 35 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधानहै, जोकि 1.68 करोड़ से 2.10 करोड़ रुपये प्रति लाभार्थी है।

❒ मौसमी फसलों के लिए जलवायु अनुकूल फसल किस्में उपलब्ध कराना एक निरन्तर प्रक्रिया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय इस विषय पर कार्य कर रहा है। पिछले 4 वर्षों में विश्वविद्यालय ने विभिन्न फसलों की 44 किस्में अनुमोदित की है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय इस कार्य में केन्द्र सरकार का सहयोग भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद , नई दिल्ली से प्राप्त करता है।

❒ हरियाणा राज्य में हल्दी, लहसुन व अदरक के लिए 30,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है। अन्य मसालों की खेती जैसे धनिया, मेथी आदि के लिए 15,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है।8है, जोकि 1.68 करोड़ रुपये से 2.10 करोड़ रुपये प्रति लाभार्थी है।

### अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राज्य पुरस्कार

*♦ दिव्यांग कर्मचारियों / स्व-रोजगार चलाने वाले व्यक्ति या संस्था को प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राज्य पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। राज्य पुरस्कार की राशि 15,000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक है।*

*♦ हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी बनाने हेतु कार्रवाई शुरू हो गई है। खेल नर्सरियों की हिदायतों अनुसार ओलम्पिक/ कॉमनवैल्थ/एशियन खेलों की ही नर्सरियां खोली गई है।*

*♦ हरियाणा सरकार प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना 2.0' के तहत प्रशिक्षुओं की वजीफा/छात्रवृति राशि 1500 रुपये प्रतिमाह सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है।*

*♦ खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित करने को सरकार द्वारा हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी (ग्रुप क, ख, तथा ग) सेवा नियम-2021 बनाए गए। पदक विजेताओं को योग्यता अनुसार नौकरी दी जा रही ♦ महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' को लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती, 25 सितंबर, 2025 से की गई। पात्र महिलाओं को हर महीने 2,100 की सहायता प्रदान की जाएगी।*

*♦ सभी अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों को मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रूपये के ऋण की गारंटी हरियाणा राज्य सरकार उठाएगी। यह सुविधा 1 अप्रैल, 2025 से लागू की जा चुकी हैं।*

*♦ दिव्यांग युवाओं को व्यवसाय को बिना गारंटी 5 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा। ♦ बरवाला औद्योगिक एस्टेट, पंचकुला के विकास के पहले चरण का कार्य पूर्ण। इसके दूसरे चरण का कार्य जारी।*

*♦ सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त कालेजों को डिजिटल लाइब्रेरी सदस्यता प्रदान करेंगे। इसके तहत 26 कॉलेजों ने ब्रिटिश काउंसिल ऑफ इंडिया की और 149 कॉलेजों ने भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की सदस्यता ली है।*

*♦ जींद में 2 राज्य स्तरीय हर्बल पार्क / उद्यान (16 और 20 एकड़) और रेवाड़ी जिले में 13 राज्य स्तरीय हर्बल पार्क स्थापित किए जा चुके हैं।*

*♦ हिसार हवाई अड्डे से 14 अप्रैल, 2025 को प्रधानमंत्री ने हिसार से अयोध्या की फ्लाईट को हरी झंडी दी गई है। 9 जून, 202513को हिसार से चंडीगढ़ और 11 सितम्बर, 2025 को हिसार से जयपुर फ्लाईट का संचालन शुरु चुका है। जल्द जम्मू व अहमदाबाद को हवाई सेवा शुरू होगी। अंबाला हवाई अड्डे के सिविल कार्य पूरे हो चुके है। एयरपोर्ट फ्लाईट संचालन हेतु तैयार है। वाणिज्यिक घरेलू उड़ान संचालन शीर्घ ही शुरू होगा।*

*♦ मधुमेह और हृदय रोग जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एन.सी. डी. क्लिनिक स्थापित करने के प्रस्ताव को अधिकारियों द्वारा मंजूरी मिल गई है। 1 मई, 2025 से राज्य के सभी पी.एच.सी. में एन.सी.डी. क्लिनिक स्थापित करने का निर्देश दिया गया है।*

❒ मौसमी फसलों के लिए जलवायु अनुकूल फसल किस्में उपलब्ध कराना एक निरन्तर प्रक्रिया है। 4 वर्षों में विवि ने विभिन्न फसलों की 44 किस्में अनुमोदित की है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि केन्द्र सरकार का सहयोग भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से प्राप्त करता है।

❒ हरियाणा राज्य में हल्दी, लहसुन व अदरक के लिए 30,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है। अन्य मसालों की खेती जैसे धनिया, मेथी आदि के लिए 15,000 प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है।

❒'पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना' के अंतर्गत अनुसूचित जाति के परिवारों द्वारा पाले जा रहे 100 छोटे पशुओं व 50 सूकर का बीमा मुफ्त किया जा रहा है।

❒ राज्य में वर्ष 2018 से 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना' चलाई जा रही है, जिसमें एक पशुपालक के 10 बड़े व 100 छोटे पशुओं के लिए 1 लाख वार्षिक बीमा का कवर केवल 15 प्रतिशत प्रति पशु प्रतिवर्ष प्रीमियम पर किया जा रहा है।

❒ बाजरा जैसे श्री अन्न फसलों की ब्रांडिंग और प्रमोशन को प्राथमिकता के लिए हैफेड ने एक महिला स्वयं सहायता समूह के साथ गठजोड़ किया है और हैफेड की ब्रांडिंग में बाजरा जीरा बिस्कुट, ज्वार नमकीन तथा भुना हुआ बाजरा नमकीन लॉन्च किया है।

❒ सभी सामाजिक सुरक्षा पैंशन की मासिक राशि को मंहगाई सूचकांक 2016 की दर से अधिक 01.01.2016 से 1600 प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 प्रतिमाह की जा चुकी है।

Trendy
Tough
Convenient

AIRTIGHT & LEAK PROOF
MICROWAVE SAFE
cello FULLY TEMPERED
1 YEAR WARRANTY*




MAKE IN INDIA

Choose from a wide range of over **60 Lunch Packs**, starting at ₹849/-

***1 year warranty on bowls**

Follow us on
celloworldofficial
cello_world
celloworldofficial
celloworldindia

CLARITY GUARANTEED

Available at
blinkit insta mart zepto Myntra
amazon.in Flipkart www.celloworld.com

cello®
GLASS LUNCH PACK

CELLO SALES: HARMEET SINGH (CHANDIGARH) 9315455770, SARAVJEET SINGH (HARYANA & HIMACHAL) 9728208851
• EXCLUSIVE CELLO STUDIO (CHANDIGARH) 9815163986 • CORPORATE ENQUIRIES: RAHUL DUBE 9833650605 • FRANCHISEE ENQUIRIES: K G GEORGE 9845159438

Situations/Cello/2025

Reliance
Growth is Life

Reliance Jewels
BE THE MOMENT



इस धनतेरस,
अपनी पसंद को दीजिए
एक नई चमक।

चुनिए वो स्टाइल जो आपकी पहचान को सजाए,
और हर लम्हे को धनतेरस सी चमक दे।

एक नया फेस्टिव कलेक्शन 2025

पूरा 100% एक्सचेंज मूल्य, अपने पुराने सोने पर*

45% तक छूट सोने के गहनों की बनवाई पर*

35% तक छूट डायमंड के मूल्य और बनवाई पर*

ऑफ़र सीमित अवधि तक | *नियम व शर्तें लागू

5% CASHBACK* SBI card

#Min. Trxn.: ₹25,000; Max. Cashback: ₹2,500 per card account;
Validity: 10 Oct - 19 Oct 2025. T&C Apply.

हमारे विस्तृत कलेक्शन को देखने के लिए स्कैन करें
अब www.reliancejewels.com पर भी उपलब्ध

गुरुग्राम: गोल्ड सूक मॉल, फोन: 0124- 4206405/06 । करनाल: नं.138, दयाल सिंह कॉलोनी, रिलायंस डिजिटल के पास, कुंजपुरा रोड. फोन: 9254026230 । पानीपत: शॉप नं. 716-D, रिंग रोड, मॉडल टाउन, फोन: 7988747009 / 0180-4088098 । सिरसा: रिलायंस ट्रेड्स के पास, शर्मा पेट्रोल पम्प के सामने, सांगवान चौक, फोन: 7988404165 / 7988419230 । अंबाला: प्रेम नगर, संगीता हाइट्स, 13 और 14 मनाली हाउस, रिलायंस ट्रेंड्स के सामने, फोन: 8950591977/9996553302 । यमुनानगर: मधु होटल के पास, जगाधारी रोड, मधु चौक, फोन: 01732-350730/31






# एनडीए ने उम्मीदवारों के चयन में मारी बाजी, महागठबंधन में अभी हो रहा महामंथन

जदयू की दूसरी सूची में 44 को मिला टिकट, अब तक 229 नाम घोषित

## पिछड़ा, अति पिछड़ा और एससी-एसटी को दी जगह, भूमिहार के भी 9 प्रत्याशी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

सीएम नीतीश कुमार की पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में 44 प्रत्याशियों को जगह मिली है। गोपालपुर के वर्तमान विधायक और जदयू नेता गोपाल मंडल का टिकट काट दिया है।

जदयू ने उनकी जगह बुलो मंडल को उम्मीदवार बनाया है। इस सूची में पिछड़े वर्ग से 37, अतिपिछड़ा 22, सामान्य से 22, अनुसूचित जाति से 15, अल्पसंख्यक से 4, अनुसूचित जनजाति से एक प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं कुल 101 प्रत्याशियों में 13 महिला भी हैं। जदयू ने सबसे अधिक कुशवाहा समाज के 13 प्रत्याशी, कुर्मी समाज के 12 प्रत्याशी, राजपूत समाज के 10 प्रत्याशी भूमिहार समाज के 9 प्रत्याशी, यादव और धानुक समाज के आठ प्रत्याशियों को टिकट दिया है।

### राजद छोड़कर आए विभा और चेतन को दिया टिकट



जदयू की दूसरी सूची में मंत्री विजेंद्र यादव, लेशी सिंह, शीला मंडल, कलाधर मंडल, सुमित सिंह समेत कई दिग्गजों के नाम शामिल हैं। जो सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के खाते में जाने की बात सामने आई थी, वहां भी जदयू ने अपना प्रत्याशी उतार दिया है। राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुईं पूर्व मंत्री राजवल्लभ यादव पत्नी व वर्तमान विधायक विभा देवी को नवादा से टिकट दिया है। जनता दल यूनाईटेड ने इस बार पिछले और अतिपिछड़े समाज से कुल 59 लोगों को टिकट दिया है। आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद और सुमित सिंह का नाम भी शामिल है।

### एनडीए ने अब तक 229 उम्मीदवारों के नाम का कर दिया ऐलान

एनडीए पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतर चुका है। अब तक 229 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान हो चुका है। भाजपा और जेडीयू के नेता जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं और प्रचार अभियान को धार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डॉ. मोहन यादव और विष्णुदेव साय पहली रैली से एनडीए के प्रचार की शुरुआत कर दी है, वहीं गृह मंत्री अमित शाह भी पटना पहुंचे।

महागठबंधन अब भी सीट बंटवारे के पेंच में फंसा

## अब केवल 27 घंटे बाकी और बढ़ती जा रही आंतरिक असहमति और 'बड़ी मांग'



बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण करीब है, लेकिन महागठबंधन अब भी सीट बंटवारे के पेच में फंसा हुआ है। पहले चरण के नामांकन की आखिरी तारीख में सिर्फ 27 घंटे बाकी हैं, फिर भी किसी भी दल ने उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी नहीं की है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आंतरिक असहमति और छोटे सहयोगी दलों की नाराजगी के कारण सीटों पर अंतिम बात नहीं बन रही है। मुख्य सहयोगी राजद, कांग्रेस और वामदलों ने अपने संभावित उम्मीदवारों को सिंबल बांट दिए हैं, लेकिन औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। कई सीट पर दोहरी दावेदारी सामने आई है।

### सहनी महागठबंधन से नाराज आईपी गुप्ता ने नाता तोड़ा

विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी भी महागठबंधन से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सहनी को सीटों की संख्या और चयन को लेकर आपत्ति है। वहीं आईपी गुप्ता ने भी गठबंधन से नाता तोड़ लिया है।

### एनडीए अपनी सोचे, महागठबंधन तो सरकार बना रही: कांग्रेस



भले ही गहमागहमी बढ़ी हो लेकिन कांग्रेस एनडीए पर अपना तीखा हमला जारी रखा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ठी है, एनडीए को अपनी चिंता करनी चाहिए। काम बहुत अच्छे से चल रहा है। सिंबल बांटे जा रहे हैं, नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बहुत जल्द पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। एनडीए को अपने घर की चिंता करनी चाहिए।

### ईडी गठबंधन में आई दरार, शरद पवार की पार्टी का अलग रुख



इंडी गठबंधन में दरार आ गई है। यह दरार एनसीपी (शरद पवार) के संसद की एक संयुक्त समिति का हिस्सा बनने के फैसले के बाद आई है। यह समिति उन तीन विधेयकों पर चर्चा करेगी जिनमें यह प्रस्ताव है कि अगर प्रधानमंत्री या कोई मंत्री गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक जेल में रहे तो उनकी सदस्यता खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगी।

### वीआईपी में घमासान आपस में भिड़े कार्यकर्ता

पटना के मौर्य होटल में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी की प्रेस कांफ्रेंस के लिए जुटे पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। मौर्य होटल में मुकेश सहनी की प्रेस कांफ्रेंस के लिए कार्यकर्ता भारी संख्या में जमा हुए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर पार्टी के दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

### महुआ से नहीं मिला टिकट तो फूट फूटकर रोने लगीं आशमा परवीन

महुआ विधानसभा सीट से टिकट कटने के बाद जदयू की प्रदेश महासचिव डॉक्टर आशमा परवीन फूट-फूटकर रोने लगीं । फिर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू के सिंबल पर आशमा परवीन ने चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गईं थीं।

एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में बोला चुनाव आयोग

## याचिकाकर्ता यहां चुनाव प्रक्रिया में रुकावट डालना चाह रहे



बिहार एसआईआर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि याचिका लगाने वाले लोग चुनाव प्रक्रिया में रुकावट डालना चाहते हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटर सब जानते हैं और संतुष्ट हैं, लेकिन एडीआर को एनालिटिक्स के लिए सब तुरंत चाहिए। आयोग ने कहा क एक भी अपील नहीं आई है। भूषण ने कहा कि जिनके नाम हटाए गएं हैं, उनकी लिस्ट भी जारी की जानी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। भूषण ने कहा कि उन्हें प्रकाशित करना ही होगा, हम इस मामले को बंद नहीं कर रहे हैं। भूषण ने कहा कि 65 लाख लोगों को हटाने के बाद उन्होंने कुछ और लोगों को हटा दिया है, लेकिन सूची जारी नहीं की है। जस्टिस कांत ने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है, अभी तक सूची तैयार नहीं हुई है। भूषण ने कहा कि नियमों के अनुसार इस संबंध में वास्तविक समय में पारदर्शिता जरूरी है। नए नाम भी शामिल नहीं किए गए हैं।

### चुनाव आयोग ने 10 दिन का समय मांगा

आयोग ने कहा कि व्यापक स्तर पर दाखिल हलफनामे में इस मुद्दे को संबोधित किया गया है, लेकिन इस पर अलग से जवाब दे देंगे और उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय मांगा है और उन्हें यह समय प्रदान किया गया है। इस मामले में अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी।

## बिहार में राजग प्रचंड बहुमत से सत्ता में लौटेगा: साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नेदावा किया कि बिहार विधानसभा चुनावों के बाद राजग प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगा। कई भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने में शामिल होने के बाद साय ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने उल्लेखनीय विकास किया है। केंद्र सरकार बिहार को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विधानसभा चुनावों के परिणाम आने पर राजग एक बार फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

### कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी, 48 उम्मीदवारों के नाम

कांग्रेस ने गुरुवार रात 11 बजे के बाद अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 48 कैंडिडेट्स के नाम हैं। कुटुंबा से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम चुनाव लड़ेंगे, जबकि सीनियर लीडर शकील अहमद कदवा से चुनावी मैदान में उतरेंगे। राजापाकर से प्रतिमा दास पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। लिस्ट में 5 महिलाएं, 4 मुस्लिम उम्मीदवारों के नाम हैं। सोनबरसा से सरिता देवी, बेगूसराय से अमिता भूषण, हसुआ से नीतू कुमारी, कोढ़ा से पूनम पासवान और राजापाकर से प्रतिमा कुमारी को मैदान में उतारा गया है। बुधवार को दिल्ली से लौटे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कृष्ण अल्लावरू, शकील अहमद को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। किसी तरह बचकर वे अपनी गाड़ी में बैठकर एयरपोर्ट से निकले।

# पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश को दी 3430 करोड़ की सौगात

## कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन पर सुदृढ़ होगा ट्रांसमिशन सिस्टम, विकास को गति



एजेंसी ▶▶ कुरनूल

पीएम मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश में 13,403 करोड़ की तमाम परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। ये परियोजनाएं उद्योग, बिजली, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं। पीएम ने 2,880 करोड़ से अधिक के निवेश से कुरनूल-3पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना में 765 केवी डबल-सर्किट कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन-चिलकलुरिपेटा ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण शामिल है, जिससे ट्रांसमिशन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी और देश के विकास को गति देने के लिए बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का ट्रांसमिशन संभव होगा। उन्होंने कुरनूल में ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और कडप्पा में कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी, जिनका कुल निवेश 4,920 करोड़ से अधिक है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट और आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ये आधुनिक बहु-क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना और वॉक-टू-वर्क अवधारणा से युक्त हैं।

कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

### कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की रखी आधारशिला

मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा की



ट्रांसमिशन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी यह परियोजना वॉक-टू-वर्क अवधारणा से युक्त

### 21,000 करोड़ के निवेश से एक लाख रोजगार बढ़ेंगे

इन केंद्रों से 21000 करोड़ का निवेश आकर्षित होने और लगभग एक लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है, जिससे दक्षिणी राज्य के रायलसीमा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने 960 करोड़ से अधिक की लागत से सब्बावरम से शीलानगर तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में भीड़भाड़ को कम करना और व्यापार एवं रोजगार को सुगम बनाना है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पिलेरू-कलूर खंड सड़क के चार लेन के निर्माण, कडप्पा-नेल्लोर सीमा से सीएस पुरम तक चौड़ीकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग 165 पर गुडीवाड़ा और नुजेला रेलवे स्टेशनों के बीच 4 लेन वाले रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया।

### 'सुपर जीएसटी - सुपर बचत' नामक जनसभा को भी संबोधित किया


इसके बाद, प्रधानमंत्री कुरनूल पहुंचे और बिजली, रक्षा, रेलवे और पेट्रोलियम जैसे क्षेत्रों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री 'सुपर जीएसटी - सुपर बचत' नामक एक जनसभा को भी संबोधित किया, जिसमें लोगों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में बताया जाएगा। इससे पहले, कुरनूल हवाई अड्डे पर राज्यपाल एस अब्दुल नजीर, मुख्यमंत्री नायडू और अन्य ने उनका स्वागत किया।

# गड्ढों से मौत पर सरकार दे 6 लाख मुआवजा

## ये भी कहा- 6 से 8 हफ्तों में देना होगा मुआवजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सड़कों पर गड्ढों की वजह से होने वाले हादसों को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी व्यक्ति की मौत सड़क के गड्ढे की वजह से होती है, तो सरकार को उसके परिवार को 6 लाख का मुआवजा देना होगा। वहीं, हादसे में घायल लोगों को उनकी चोट के हिसाब से 50,000 से 2.5 लाख रुपयए तक का मुआवजा दिया जाएगा। कोर्ट ने आदेश दिया है कि सरकार को दावा दर्ज होने के 6 से 8 हफ्तों के भीतर मुआवजा देना होगा। अगर इसमें देरी होती है, तो मुंबई महानगरपालिका , जिला कलेक्टर, सभी एजेंसियां और बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट जैसी एजेंसियों के प्रमुखों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा।



### बॉम्बे हाईकोर्ट का 2013 की याचिका पर आया फैसला

यह फैसला एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर आया है, जो साल 2013 में दायर की गई थी। इस याचिका में मुंबई और महाराष्ट्र की सड़कों की 'खस्ताहाल हालत' और गड्ढों की वजह से बढ़ते हादसों पर चिंता जताई गई थी। कोर्ट ने कहा कि सड़कों का ठीक हालत में होना नागरिकों का बुनियादी अधिकार है।

### गड्ढे की वजह से पुल से गिरी स्कूल वैन, 10 छात्र घायल

भंडारा। महाराष्ट्र के भंडारा में स्कूल से छात्रों के घर ले जा रही एक वैन पुल से नीचे गिर गई, जिससे 10 छात्र घायल हो गए। घटना तब हुई जब ड्राइवर सड़क पर बने गड्ढों से बचने की कोशिश कर रहा था। यह घटना सुरेवाड़ा में तब हुई, जब बच्चे गड्ढों से भरी सड़क से स्कूल से घर लौट रहे थे। ड्राइवर ने गड्ढों से बचने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और वैन एक नीची पुल से नीचे गिर गई।

हरियाणा सरकार

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं

Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी

दिनांक : 4 से 8 नवम्बर, 2025



| स.न. | नीलामी की तिथि | साइटों का ब्योरा | ज़ोन |
|---|---|---|---|
| 01 | 4 नवम्बर, 2025 (मंगलवार) | प्रमुख स्थल (व्यावसायिक संपत्तियां, होटल संपत्तियां, अस्पताल और संस्थागत स्थल) और बहुमंजिला अपार्टमेंट | सभी ज़ोन |
| 02 | 6 नवम्बर, 2025 (गुरुवार) | आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां (प्रेफेरेंटिअल ) / नर्सिंग होम, क्लिनिक संपत्तियां और स्कूल संपत्तियां | सभी ज़ोन |
| 03 | 7 नवम्बर, 2025 (शुक्रवार) | आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां | फरीदाबाद और पंचकूला ज़ोन |
| 04 | 8 नवम्बर, 2025 (शनिवार) | आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां | गुरुग्राम, रोहतक और हिसार ज़ोन |

ई-नीलामी वर्ष 2025-26 की आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध।
*नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसायटी/समिति भाग ले सकते हैं।

* ई-नीलामी में दर्शाई गई संपत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX : 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर : 1800-180-3030

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं

किसी भी जानकारी के लिए हमें ई-मेल करें eauctioncell.hsvp@gmail.com

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा

Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HSVP Complex, Sector 6, Panchkula 134 109, Haryana
hsvphry.org.in. 1800-180-3030 Hsvphry

The detailed information of the sites and terms & conditions of e-auction will be available on https://hsvphry.org.in.

हिमाचल के स्कूल में पहुंचे मंत्री

## शिक्षक गायब, ठिठुरते बच्चों को देख तुड़वाया ताला और बैठाया

एजेंसी ▶▶ शिमला

कड़ाके की ठंड, खुले आकाश के नीचे ठिठुरते नौनिहाल और स्कूल के दरवाजे पर लटका ताला। यह देखकर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने ताला तुड़वाकर बच्चों को भीतर बिठाया। कुछ देर बाद एक शिक्षक पहुंचा, लेकिन उसके पास चाबी नहीं थी। मंत्री ने एसडीएम पांगी को जांच कर पूरी रिपोर्ट सौंपने के आदेश दे दिए हैं। हिमाचल प्रदेश के पांगी में बुधवार को सौर पंचायत से मिंधल की ओर जाते वक्त राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का काफिला पुर्थी पंचायत पहुंचा तो थांदल गांव के लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। ग्रामीणों ने शिकायत की कि थांदल स्कूल का



स्टाफ अकसर गैरहाजिर रहता है। बच्चों की पढ़ाई ठप है। ग्रामीणों की बात सुनते ही मंत्री ने तुरंत दिशा बदली और बिना सूचना के स्कूल पहुंच गए। बुधवार को उन्होंने पाया कि मिडिल स्कूल थांदल में सुबह 10:30 बजे तक कोई शिक्षक मौजूद नहीं था, जबकि 35 बच्चे ठंड में कांपते हुए स्कूल के बाहर खड़े थे।

कर्नाटक- आंध्र का एक-दूसरे पर तंज

## 'हमारा खाना ही नहीं, निवेश भी मसालेदार' पर हो रही उन्हें जलन

एजेंसी ▶▶ अमरावती

दक्षिण के दो राज्य एक बार फिर आमने-सामने हैं और तीखे व्यंग्य के जरिए एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इस बार मुद्दा गूगल का निवेश है। दुनिया की मशहूर और दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने आंध्र प्रदेश में 15 अरब डॉलर के निवेश से एआई हब स्थापित करने का ऐलान किया है। यह भारत में 'गूगल का पहला एआई हब' होगा। इस निवेश से राज्य में कम से कम 5,000 प्रत्यक्ष रोजगार और कुल 20 से 30 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह भारत में पहला 'गीगावाट-स्केल डेटा सेंटर' भी होगा। इस पर आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के



बेटे और राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक पर तंज कसा है। लोकेश ने गुरुवार को एक्स पर लिखा कि इस निवेश से पड़ोसी यानी कर्नाटक को जलन हो रही है! एक चुटीले पोस्ट में कहा कि वे कहते हैं कि आंध्र का खाना मसालेदार होता है। (लगता है) हमारे कुछ निवेश भी मसालेदार हैं। कुछ पड़ोसी पहले से ही जलन महसूस कर रहे हैं।

## चिंतन

# बच्चे की तरह बयानबाजी क्यों कर रहे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति होकर भी उनकी हरकतें उस बिगड़ैल बच्चे के समान होती जा रही हैं जो अपनी जिद पूरी न होने पर चीखता-चिल्लाता और हाथ-पैर पटकता है। उनकी हर टिप्पणी हैरान करने वाली होती है। वो ऐसे इंसान हैं, जो कभी भी, कुछ भी कह सकते हैं। कभी भारत को डूबती अर्थव्यवस्था बताने वाले ट्रंप अब कह रहे हैं कि जल्द ही भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज पीएम मोदी ने मुझे भरोसा दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। दरअसल, अमेरिका अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 फीसदी रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। जिस दिन से टैरिफ लगा है ट्रंप समेत अमेरिकी प्रशासन के अनेक सदस्य भारत को लेकर बयानबाजी करते आ रहे हैं। खुद ट्रंप भी लगातार ऐसा कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने ऐसा ही किया था। वो लगातार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने ही युद्ध विराम करवाया था। डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान शांति कायम करने में मदद की थी। उनके हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध के कगार से पीछे हटने को मजबूर हुए। ट्रंप की यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 टैरिफ के लागू होने से कुछ ही घंटे पहले आई थी। हालांकि, भारत शुरू से ही ट्रंप के सीजफायर कराने के दावे को खारिज करता रहा है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। ऐसे ही उन्होंने भारत की दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था को डूबता हुआ बता दिया था। इसी से साफ हो गया था कि ट्रंप एक दिग्भ्रमित या फ्रस्टेटेड राजनेता हैं और ये उनकी नकारात्मक सोच है। ट्रंप को समझ लेना चाहिए कि कौए के कोसने से आसमान नहीं गिरा करता। भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व की प्रमुख गतिशील इकोनॉमी है जिसने ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ दिया है। एशियाई विकास बैंक ने भी 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जाहिर किया है। भारत में कार्यक्षम युवा आबादी की औसत आयु 28.8 वर्ष है जबकि अमेरिका में 38.5 वर्ष है। इस लिहाज से जवान सक्रिय वर्क फोर्स या कार्यबल के मामले में भारत बेहतर स्थिति में है। भारत में प्रचुर मानव संसाधनों के अलावा तकनीक में कुशल युवा भी बड़ी तादाद में हैं जो अंतरिक्ष, एआई आदि क्षेत्रों में सक्रिय रहकर देश की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में लगे हैं। इकोनॉमी को यही आगे बढ़ाते हैं। ट्रंप के कहने से न तो इकोनॉमी बढ़ने वाली है और न ही डूबने वाली। अब वो दावा कर रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। जबकि भारत पूरी तरह से साफ कर चुका है कि वो अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए फैसले लेने को स्वतंत्र है। इसके लिए हमें अमेरिका तो क्या दुनिया की कोई भी ताकत बाध्य नहीं कर सकती। इसके बावजूद ट्रंप अपना राग अलाप रहे हैं। ऐसा उन्होंने पहली बार नहीं किया है। वो बार-बार ऐसा करके दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब का नया भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। वो अपने फैसले खुद करता है।



राहत
योगेश कुमार सोनी

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है।

# ग्रीन पटाखों की अनुमति से खुशी

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपको यह बताते हैं कि ग्रीन पटाखे क्या होते हैं। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। ऐसे पटाखों को पूरे देश में लाने के लिए सरकार काम कर रही है। अब यदि दिल्ली-एनसीआर के परिवेश में बात करें तो बीते कुछ वर्षों में यहां की आबोहवा में जरूरत से ज्यादा फर्क आ गया। बढ़ते ट्रांसपोर्ट, पराली जलाने और इसके साथ ही पटाखों के प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर के लोगों की जान आफत में रहती है। दरअसल, यह वो समय होता है कि प्रदूषण हवा में घुलकर रह जाता है क्योंकि सर्दी की प्रारंभिकता होती है और मौसम में बदलाव की वजह से हवा नहीं चलती जिससे यह 50 से 70 फुट तक ही घूमता रहता है। इस वजह से सांसों के जरिये हमारे शरीर में घुसकर यह स्वास्थ्य पर सीधा प्रहार करता है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें, इस मामले में हर कोई गंभीरता दिखाते हुए काम कर रहा है। बीते दशक भर में दिल्ली में दिवाली के आसपास प्रदूषण की स्थिति खतरनाक हो जाती है और कोर्ट का मानना है कि पटाखों से प्रदूषण और अधिक हो जाता है। इस प्रकरण की अहम बात यह है कि पटाखों में प्रतिबंध के बावजूद ब्रिकी में कोई कमी नहीं आती। चूंकि प्रशासन की सेटिंग से दुकानदार धड़ल्ले से पटाखें बेचते हैं और लोग जमकर खरीदते भी हैं। बीते 7 अक्टूबर दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह सुप्रीम कोर्ट जाएगी और ग्रीन पटाखों की अनुमति लेगी जैसा कि वर्ष 2019 से दिल्ली में सभी पटाखों पर बैन है और मुख्यमंत्री ने जनभावना को देखते हुए सीमित ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत मांगी थी। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट पटाखों से प्रतिबंध हटाता है तो हम वो सभी कदम उठाने को तैयार हैं कि जिससे निर्देशों का पूरी तरह से पालन होगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अगर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध हटा लिया जाता है तो हम अदालत के आदेश के आलोक में आवश्यक कदम उठाने के लिए तुरंत एक बैठक करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आदेश का पालन हो। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से आम पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है लेकिन कई वर्षों से पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार न तो इसके लिए कोई काम कर पाई थी और न ही जागरुकता फैला पाई थी। इस बार बारी भारतीय जनता पार्टी की जिसको इस कसौटी पर खरा उतरना बाकी है। चूंकि आम आदमी पार्टी के समय में बीजेपी के कई बड़े नेता इस मामले को लेकर केजरीवाल को घेरते थे और कहते थे कि थे कि पटाखे पर बैन लगाना हिंदुत्व पर प्रहार है हालांकि आदेश हर बार कोर्ट का ही होता था और अब



भी कोर्ट का ही है लेकिन दिल्ली सरकार अब अपनी कितनी सक्रियता दिखाते हुए किस तरह का हल निकालती है,यह देखना बाकी है। दरअसल हम प्रदूषण को लेकर आज तक यह तय नहीं कर पाए कि इसकी असली वजह क्या है? इस मामले को लेकर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है। कुछ कहते हैं कि सर्दियों के मौसम में प्रदूषण बढ़ ही जाता है और बीते लगभग दो दशकों में दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक प्रदूषण बढने का कारण यह रहा कि दिल्ली से सटे हर कोने में जितनी हरियाली थी वहां बड़ी-बड़ी इमारतें बन चुकी हैं। जैसे कि गाजियाबाद से सटे राज नगर में लाखों फ्लैट बन चुके। दूसरी ओर गुरुग्राम में जितनी हरियाली थी आज वहां एक-एक इंच जगह किसानों ने बेच दी और मुआवजे में आ चुकी और वहां भी लाखों फ्लैट बन चुके बल्कि एशिया के सबसे महंगे फ्लैट बिकने लगे। वहीं तीसरी ओर लोनी बॉर्डर चौथी और फरीदाबाद में भी यही स्थिति है। इसके अलावा विशेषज्ञों का मानना है कि हमेशा पराली को लेकर भी प्रदूषण को सबसे बड़ा कारण है चूंकि लेकिन पराली जलाने से वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है क्योंकि यह हवा में हानिकारक गैसों और कणों को छोड़ता है जैसे कि मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर। यह धुंध का निर्माण करता है जो शहर में वायु गुणवत्ता को खराब करता है। पराली जलाने के कारण प्रदूषण का स्तर सर्दियों के महीनों में विशेष रूप से गंभीर होता है,क्योंकि धीमी हवाएं इन प्रदूषकों को शहर के ऊपर फंसा लेती हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में हर रोज सैकड़ों वाहन खरीदे जाते हैं अर्थात राजधानी में अपनी क्षमता से अधिक वाहन हो चुके जो प्रदूषण बढ़ने का भी एक बड़ा कारण है। पटाखों को लेकर कोर्ट की सबसे जटिल समस्या यह है कि दीपावली आने का समय सर्दी होती है और उस समय दिल्ली में प्रदूषण की प्रारंभिकता बहुत बढ़ जाती है और कोर्ट द्वारा यह समझा जाता है कि पटाखे जलाने से प्रदूषण बहुत अधिक मात्रा में बढ़ जाता है। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद पटाखों के बेचने व खरीदने में किसी प्रकार की कोई कमी देखने को नहीं मिलती। ग्रीन पटाखों के नाम पर हल निकालने का प्रयास किया जाता है लेकिन वह भी अब तक विफल है। पटाखों पर प्रतिबंध कुछ लोग अपनी आस्था पर चोट समझते हैं जिसको लेकर कई हिंदूवादी संगठनों व नेताओं के ब्यान हर वर्ष देखने व सुनने मिलते हैं। यह बात तो तय है कि दिवाली हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है और इस पर्व पर आखिर पटाखे न जलाकर कैसे पर्व पूरा समझा जाए। जब से सनातन का उदय हुआ है तब से यह प्रथा चली आ रही है और वह भी हम न निभा पाएं तो त्योहार पूरा नहीं लगता।

सवाल यही है कि दिल्ली में इसका समाधान कैसे संभव है चूंकि अब हर वर्ष यही देखने व सुनने को मिलता है जो हिंदुओं को कुंठित कर रहा है। कोर्ट व जनता के बीच फंसा यह भावनात्मक घटनाक्रम अब निराशा के रूप में बड़ा आकार ले रहा है। हाल ही में दिल्ली में कई जगहों पर अवैध रूप से पटाखे बेचने पर छापेमारी भी की जा रही है लेकिन बावजूद इसके ब्रिकी धड़ल्ले से जारी है। इसमें एक सवाल यह उठकर आ रहा है कि आखिर राजधानी में इतना पटाखा कहां से आ रहा है? चूंकि पूर्ण रूप से प्रतिबंध होने के बावजूद इतनी मात्रा में आखिर किस तरह इतने बम-पटाखे लाए जा रहे हैं? हालांकि स्थिति स्पष्ट है कि बिना प्रशासन की मिलीभगत से यह कैसे भी संभव नहीं है,तो फिर यह ड्रामा क्यों किया जा रहा है? इस खेल में कई लोग फंस सकते हैं। बहरहाल कोर्ट व सरकार ने इसका कुछ समाधान तो निकाला जिससे लोगों के मन की कुंठा भी निकली व त्योहार भी मन जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## श्रद्धांजलि
डॉ. घनश्याम बादल



# 'कर्ण' का असमय जाना


दूरदर्शन सीरियलों 'महाभारत' के कर्ण और 'चंद्रकांता' के शिवदत्त जैसे ऐतिहासिक पात्रों का जीवंत अभिनय करने वाले एक्टर और निर्देशक पंकज धीर का जाना उन दर्शकों को अधिक अखरेगा जो शांत और गहरा अभिनय देखने के लिए टेलीविजन सेट खोलते हैं या फिल्म हॉल में जाते हैं। हालांकि पंकज धीर लोकप्रिय सिनेमा में कोई बहुत बड़ा नाम नहीं थे लेकिन फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन धारावाहिकों में उनकी उपस्थिति हमेशा उल्लेखनीय रही। टेलीविज़न के इतिहास में यदि किसी अभिनेता ने अपने अभिनय से देवताओं, योद्धाओं और आदर्श पुरुषों के चरित्र को जीवंत किया है, तो उनमें पंकज धीर का नाम अग्रणी रहा। "महाभारत" के कर्ण के रूप में उन्होंने जो छाप छोड़ी वह अमिट है। चंद्रकांता धारावाहिक में भी शिवदत्त के छोटे से रोल में उनका एक डायलॉग 'कोई शक' दर्शकों के दिलों दिमाग पर छाया रहा। पंकज धीर का अभिनय केवल संवादों तक सीमित नहीं था, बल्कि भाव-भाषा और भंगिमा पर उनकी गज़ब की पकड़ को दर्शाता था। पंकज धीर 9 नवंबर 1956 को मुंबई में फिल्मी परिवार में जन्मे,उनके पिता सी.एल. धीर हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक थे। अभिनय कला उन्हें विरासत में मिली। पंकज धीर ने भी अध्ययन पूरा करने के बाद फिल्मों में आना चुना और 1983 में फिल्मी करियर की शुरुआत की। समय के साथ उन्हें बड़ी फिल्में भी मिलने लगीं जिनमें "खून भरी मांग", "क्रोध", "बाज़ीगर", "तीसरी आंख", "सोने पे सुहागा", "सैनिक", और "सोल्जर" जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। उनके किरदार प्रायः गंभीर, संयमी और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले रहे। लेकिन पंकज धीर को असली पहचान मिली महाभारत से। 1988 में बी.आर. चोपड़ा निर्मित "महाभारत" धारावाहिक में कर्ण की भूमिका ने पंकज धीर को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया। कर्ण का पात्र जटिल भावनाओं, आदर्शों, त्याग और त्रासदी का प्रतीक था।



पंकज धीर ने इस भूमिका को न केवल सशक्त अभिनय से जीवंत किया, बल्कि उसे ऐसा मानवीय रूप दिया कि आज भी दर्शक "कर्ण" का नाम सुनते ही उनके चेहरे को याद करते हैं। उनकी आंखों की गहराई, संवादों की गंभीरता और नैतिक द्वंद्व की अभिव्यक्ति ने उन्हें भारतीय टेलीविज़न के पारंगत एवं लोकप्रिय अभिनेताओं में शामिल कर दिया। "महाभारत" के इस पात्र ने पंकज धीर को प्रसिद्धि और सम्मान दोनों दिलाए। "महाभारत" के बाद भी पंकज धीर ने कई अन्य धारावाहिकों में भी प्रभावी भूमिकाएँ निभाईं जैसे "बेताल पच्चीसी" में रहस्यमय नायक "चंद्रकांता" में राजसी व्यक्तित्व "युग", "दीया और बाती हम", और "बड़े अच्छे लगते हैं" जैसे धारावाहिकों में भी उन्होंने चरित्र निभाए। उनके अभिनय में परिपक्वता और शालीनता की झलक हमेशा बनी रही। पंकज धीर केवल अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक सक्षम निर्देशक भी हैं। उन्होंने फिल्म "बैड बॉय" का निर्देशन किया, जिसमें उनके पुत्र निकितिन धीर ने मुख्य भूमिका निभाई। वे नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए एक अभिनय प्रशिक्षण संस्थान भी चलाते थे। कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ने वाले पंकज धीर की पत्नी अनीता धीर, स्वयं अभिनेत्री व डिजाइनर हैं। पुत्र निकितिन धीर ने भी चेन्नई एक्सप्रेस, डब्बा, शेरशाह जैसी फिल्मों में काम किया है। पंकज धीर का व्यक्तित्व अभिनय से कहीं बड़ा रहा। वे मानते थे "अभिनय केवल अभिनय नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है।" भारतीय टेलीविज़न में जिस गंभीरता और गरिमा के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई, वह उन्हें औरों से अलग करती थी। अभी भी केवल 68 वर्ष के थे और लंबी पारी खेल सकते थे लेकिन कैंसर से एक बार जंग जीतने के बावजूद वह पुनः उससे पीड़ित हुए और उन्हें जिंदगी की जंग हारनी पड़ी। एक प्रकार से पंकज धीर का अपने बेटे को फिल्म जगत में अच्छे से स्थापित करने का सपना भी उसी तरह अधूरा रह गया जैसे महाभारत में कर्ण का दुर्योधन को हस्तिनापुर का निर्विवाद शासक देखना और महाभारत का विजेता बनने का सपना अधूरा रह गया था। पिछले कुछ समय से जिस प्रकार फिल्मी दुनिया को विनोद खन्ना, ऋषि कपूर और इरफान जैसे कई बड़े कलाकार कैंसर की घातक बीमारी के कारण खोने पड़े हैं, वह एक चिंतनीय विषय है और आधुनिक जीवन शैली पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न भी खड़ा करता है। यह सजग भी करता है कि ग्लैमर की दुनिया में सादगी और आत्म संयम भी बहुत जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
## दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्त्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

# कोयला और चंदन



संकलित
## प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इसी दिन वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदुरुस्त रहने के लिए लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। *– ब्रिजेश पटेल, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### बस्तर नक्सली हिंसा मुक्त




यह अत्यंत हर्ष की बात है कि आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया है। अब छिटपुट नक्सली केवल साउथ बस्तर में बचे हैं, जिन्हें सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### न्याय की दिशा



हमारे प्यारे जुबिन के लिए न्याय की दिशा में एक और कदम। सिंगापुर पुलिस के अधिकारी 21 अक्टूबर को विशेष पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) और विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व वाली असम पुलिस टीम से मिलेंगे।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### साईं चाँडूराम को श्रद्धांजलि



सिंधी समाज के संत शिरोमणि, पूज्य श्री शांति आश्रम के पीठाधीश्वर, साईं चाँडूराम साहिब के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उनका जीवन-दर्शन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### निष्पक्ष और तेज़ जांच हो



पिछले महीने मशहूर गायक जुबिन गर्ग की संदिग्ध मौत ने देशभर के संगीत प्रेमियों को झकझोर दिया था। सरकार से हमारी अपील है कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मामले की निष्पक्ष और तेज़ जांच कराई जाए। इस मामले की न्यायिक प्रक्रिया को भी तेज़ किया जाए।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# उरुग्वे में इच्छामृत्यु देने वाला कानून किया पारित



उरुग्वे की सीनेट ने इच्छामृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित कर दिया है जिससे यह दक्षिण अमेरिकी देश उन कुछ अन्य देशों में शामिल हो गया है जहां गंभीर रूप से बीमार मरीज अपना जीवन समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को उठाए गए इस कदम से उरुग्वे कैथोलिक बहुल लैटिन अमेरिका में कानून के तहत इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला पहला देश बन गया है। उरुग्वे में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की सीनेटर पेट्रीसिया क्रेमर ने देश की राजधानी मोंटेवीडियो में सांसदों से कहा, 'जनमत हमें इस पर विचार करने के लिए कह रहा है।' पिछले पांच साल से रुक-रुक कर आगे बढ़ते रहे इस कानून ने बुधवार को उस समय आखिरी बाधा पार कर ली जब संसद के उच्च सदन में 31 में से 20 सीनेटर ने इसके पक्ष में मतदान किया। निचले सदन ने अगस्त में इस विधेयक को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी थी। चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ 'ब्रॉड फ्रंट' गठबंधन के सांसदों ने इच्छामृत्यु के अधिकार का जोरदार बचाव किया और इसके लिए चलाए गए अभियान की तुलना तलाक एवं समलैंगिक विवाह की वैधता से की। अमेरिकी राज्यों, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन करने का अधिकार केवल उन लोगों को दिया जाता है जिनके जीने की संभावना छह महीने या एक साल से अधिक नहीं है।

## ऑफ बीट

# दुनिया में हर साल बढ़ेंगे 57 अत्यधिक गर्म दिन



दुनिया इस सदी के अंत तक हर साल लगभग दो महीने तक 'अत्यधिक गर्म' दिनों का सामना करेगी और इसका सबसे ज्यादा असर छोटे व गरीब देशों पर पड़ेगा, जबकि सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों को इसकी मार कम झेलनी पड़ेगी। बृहस्पतिवार को जारी एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हालांकि, 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के बाद से उत्सर्जन कम करने के प्रयासों ने गंभीर स्थिति को कुछ हद तक रोका है। अध्ययन के मुताबिक, अगर यह समझौता नहीं हुआ होता तो पृथ्वी को हर साल 114 और घातक गर्म दिनों का सामना करना पड़ता। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' और अमेरिका स्थित 'क्लाइमेट सेंट्रल' के वैज्ञानिकों ने विभिन्न मॉडल की वास्तविक समय के साथ तुलना करते हुए कंप्यूटर के जरिए यह गणना की है कि पेरिस समझौते से कितनी राहत मिली है। अध्ययन के अनुसार, यदि सभी देश अपने वादों को पूरा करते हैं और वर्ष 2100 तक तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो दुनिया को अब की तुलना में 57 अतिरिक्त गर्म दिन झेलने होंगे। लेकिन यदि तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। 'क्लाइमेट सेंट्रल' की वैज्ञानिक क्रिस्टिना डाल ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन से दर्द और नुकसान तो होगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## विदेश मंत्री जयशंकर ने फिर यूएन को दिखाया आईना, कहा

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जरूरत, अभी 1945 में ही फंसा, यूएन विकासशील देशों की आवाज बुलंद करे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों के सम्मेलन (यूएनटीसीसी) में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग करते हुए कहा कि आज का संयुक्त राष्ट्र भी 1945 के समय को दर्शाता है। यूएन को विकासशील देशों की आवाज बुलंद करनी चाहिए और इस पर ही यूएन की विश्वसनीयता टिकी है। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं अभी-अभी न्यूयॉर्क से 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेकर लौटा हूं। उस अनुभव से कुछ महत्वपूर्ण बातें मैं आपके साथ साझा करना चाहता हूं। संयुक्त राष्ट्र आज भी 1945 की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है, 2025 की नहीं। 80 वर्ष एक लंबा समय है और इस समय के दौरान, संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की संख्या वास्तव में चौगुनी हो गई है।



*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रभावी बनाने के लिए, इसे सुधारना होगा, इसे अधिक समावेशी, लोकतांत्रिक, सहभागी और आज की दुनिया का प्रतिनिधि बनना होगा*

संयुक्त राष्ट्र के अप्रासंगिक होने का खतरा

शांति मिशन यूएन का सबसे अहम निकाय

**शांति सैनिक बहुपक्षवाद के पथप्रदर्शक**

डॉ. जयशंकर ने कहा कि उन्होंने कहा कि शांति सैनिक एक शक्तिशाली बल रहे हैं। मानवीय मदद पहुंचाने के लिए ये बहादुर बेटे बेटियां अपनी जान जोखिम डालते हैं। ये बहुपक्षवाद के सच्चे पथप्रदर्शक हैं। आज मैं उन 4000 से ज्यादा शांति सैनिकों को याद करना चाहता हूं, जिन्होंने कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन देशों में शांति सेना भेजी जाती है और जिन देशों के सैनिक इस शांति सेना में होते हैं, उनसे भी शांति अभियानों को लेकर परामर्श किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने शांति मिशनों को संयुक्त राष्ट्र का सबसे अहम निकाय बताया।

### तीन लाख से अधिक भारतीय सैनिकों ने योगदान दिया

*विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन की स्थापना के बाद से, भारत ने कुल मिलाकर तीन लाख से ज्यादा सैनिकों का योगदान दिया है, जिससे हम दुनिया में सबसे ज्यादा सैनिक भेजने वाला देश बन गए हैं। हमारे शांति सैनिकों ने दुनिया के कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में विशिष्टता और पेशेवरता के साथ सेवा की है और कर रहे हैं। इनमें दक्षिण सूडान, लेबनान, सीरिया और डीआरसी जैसे देश शामिल हैं।*

### भारत के लिए विश्व एक परिवार

जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता हमारे इस विश्वास से उपजी है कि कहीं भी शांति, हर जगह शांति को मजबूत करती है। भारत शांति स्थापना को अपने सभ्यतागत लोकाचार से देखता है। हम विश्व को एक परिवार के रूप में देखते हैं, यह केवल सांस्कृतिक ज्ञान नहीं है, बल्कि एक दृष्टिकोण है जो हमारे वैश्किक दृष्टिकोण का आधार है। यही कारण है कि हम बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी में अपना विश्वास रखते हैं।

### सुरक्षा परिषद में विस्तार हो

जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश भी बदलाव चाहते हैं और सुरक्षा परिषद में भी विस्तार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो संस्थाएं बदलाव करने में विफल रहती हैं, उनके अप्रासंगिक होने का खतरा होता हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रभावी बनाने के लिए, इसे सुधारना होगा, इसे अधिक समावेशी, लोकतांत्रिक, सहभागी और आज की दुनिया का प्रतिनिधि बनना होगा। संयुक्त राष्ट्र को विकासशील देशों की आवाज को बुलंद करना होगा और उभरते वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को भी प्रतिबिंबित करना होगा। इस पर संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता टिकी है।

## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया हादसे की हो पारदर्शी न्यायाकि जांच



**नई दिल्ली।** जून में हादसे का शिकार हुए एयर इंडिया विमान के पायलट इन कमांड दिवंगत कैप्टन सुमित सभरवाल के पिता पुष्कर‍राज ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर हादसे की निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रुप से सुदृढ़ जांच की मांग की है। सभरवाल एयर इंडिया की दुर्घटना में पायलट-इन-कमांड थे। उनके पिता ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और मांग की है कि बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान की दुर्घटना की सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ जांच करवाई जाए।

### यमन में निमिषा प्रिया की मौत की सजा टली

**नई दिल्ली।** केरल की नर्स निमिषा प्रिया, जो यमन में मौत की सजा का सामना कर रही थीं, उनकी सजा पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को ये जानकारी दी है। निमिषा प्रिया को कानूनी मदद देने वाले संगठन 'सेव निमिशा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' के वकील ने बताया कि फिलहाल सजा पर रोक लगा दी गई है। इस वजह से संगठन ने कोर्ट से मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई जनवरी 2026 में होगी। अगर जरूरत पड़ी तो पार्टियां जल्दी सुनवाई के लिए आवेदन करें।

### मलेशिया में फ्लू से 6000 बच्चे संक्रमित

**नई दिल्ली।** बीते एक महीने से जापान 'देशव्यापी फ्लू महामारी' का प्रकोप झेल रहा है। मलेशिया केशिक्षा महानिदेशक मोहम्मद आजम अहमद ने बताया कि देश में लगभग 6,000 छात्र इन्फ्लूएंजा से संक्रमित हो गए हैं। बच्चों व शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने स्कूलों को इन दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए याद दिलाया है।

### अवैध लौह अयस्क निर्यात मामले में ईडी के छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक और हरियाणा में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी कर्नाटक के बेलेकेरी बंदरगाह के माध्यम से कथित अवैध लौह अयस्क निर्यात से संबंधित धनशोधन जांच के तहत की गई। पीएमएलए के प्रावधानों के तहत बेंगलुरू और होसपेट (विजयनगर जिला) के कम से कम 20 परिसरों के अलावा हरियाणा के गुरुग्राम में भी कुछ परिसरों पर छापेमारी की गई। यह जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा जांच करने के निर्देश देने के बाद की गई है।

## 'भगोड़ों का प्रत्यर्पण: चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले

# भगोड़े अपराधियों की 10 सालों में करीब 1054 अरब रुपये की 'संपत्ति' जब्त की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2018 में हम भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम लाए, जिसके तहत सरकार को आर्थिक भगोड़ों की भारत में मौजूद संपत्तियों को ज़ब्त करने का अधिकार दिया गया और 4 साल में सरकार ने लगभग 2 बिलियन डॉलर की रिकवरी की है। मनी लॉन्ड्रिंग कानून को और अधिक सख्त और पुख्ता किया गया है और 2014 से 2023 के बीच लगभग 1054.86 अरब रुपए की संपत्ति अटैच की गई है।

उन्होंने कहा कि जब तक हमारे देश के अर्थतंत्र, संप्रभुता और सुरक्षा को नुकसान कर विदेशों में बैठे हुए लोगों के मन में हम भारतीय न्याय प्रणाली का भय खड़ा नहीं करते तब तक हम देश को सुरक्षित नहीं कर सकते। सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगोड़ों को पकड़ने के लिए एक विशेष ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया है जो दुनियाभर की पुलिस से रियल टाइम समन्वय स्थापित कर रहा है।

जनवरी, 2025 से सितंबर तक 189 से अधिक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए हैं, जो सीबीआई के इतिहास में सबसे ज्यादा है। सीबीआई के सहयोग से हर राज्य को अपने यहां एक ऐसी यूनिट खड़ी करनी होगी जो राज्य में अपराध करके भागे हुए भगोड़ों को वापिस लाने के तंत्र की रचना करे।

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमें भगोड़े अपराधियों के मन में से इस एश्योरेंस को खत्म करना चाहिए कि कानून उन तक नहीं पहुंच सकता। इसके साथ ही, कानूनी, वित्तीय और राजनीतिक समर्थन के इकोसिस्टम को भी समाप्त करना होगा। भगोड़ों द्वारा बाहर जाकर बनाए गए संस्थागत नेक्सस को भी हमें समाप्त करना होगा*

» विदेश में बैठे लोगों के मन में भारतीय न्याय प्रणाली का भय होना जरूरी

» भगोड़ों के डेटाबेस को पूरे देश की पुलिस के साथ साझा करें

हर राज्य में प्रत्यर्पण के के लिए एक्सपर्ट स्पेशल सेल बनाएं




### अपराधी की चाल से अधिक न्याय की गति हो

शाह ने कहा कि हमारा संकल्प होना चाहिए कि अपराधी की चाल कितनी भी तेज हो, न्याय की पहुंच उससे भी अधिक गतिवान होनी चहिए। प्रत्यर्पण प्रणाली सीमाओं के परे न्याय की पहुंच को सुनिश्चित करना, इनकी पहचान की प्रणाली को अत्याधुनिक और सटीक बनाना, कानून और न्यायिक व्यवस्था के प्रति अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता को बढ़ाना, आर्थिक प्रणाली की रक्षा के साथ दुनिया के देशों को हमारी चिंता में शामिल करना होना चाहिए।

### भगोड़े अपराधियों का मुद्दा देश की सुरक्षा के साथ जुड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भगोड़े अपराधियों का मुद्दा देश की संप्रभुता, आर्थिक स्थिरता और कानून व्यवस्था के साथ-साथ देश की सुरक्षा के साथ भी जुड़ा हुआ है। हर भगोड़े के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ समयबद्ध तरीके से उसे भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने खड़ा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का समय अब आ गया है। उन्होंने कहा कि हमें भगोड़े अपराधियों के मन में से इस एश्योरेंस को खत्म करना चाहिए कि कानून उन तक नहीं पहुंच सकता। इसके साथ ही, कानूनी, वित्तीय और राजनीतिक समर्थन के इकोसिस्टम को भी समाप्त करना होगा। भगोड़ों द्वारा बाहर जाकर बनाए गए संस्थागत नेक्सस को भी हमें समाप्त करना होगा।

*भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस*

अमित शाह ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस रखते हुए भारत की सरहदों से बाहर रहकर इन गतिविधियों को चलाने वालों के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस रखे। भगोड़ों के डेटाबेस को अच्छे तरीके से पूरे देश की पुलिस के साथ साझा करने की व्यवस्था करें। हर राज्य में प्रत्यर्पण के के लिए एक्सपर्ट स्पेशल सेल बनाएं। नार्को, आतंकवाद, गैंग्स्टर और वित्तीय एवं साइबर अपराध के लिए समन्वय करने वाला एक ध्यान केंद्रित समूह सभी राज्यों की पुलिस के अंदर स्थापित करना चाहिए।


### केंद्रीय गृह मंत्री शाह की दो टूक

**नक्सली सरेंडर करें या कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें**

*केंद्रीय गृह अमित शाह ने कहा है कि पिछले दो दिनों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता। छत्तीसगढ़ में आज 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, महाराष्ट्र में भी कल 61 नक्सली हथियार त्याग कर मुख्यधारा में लौटे। एक समय आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया गया है। अब छिटपुट नक्सली केवल साउथ बस्तर में बचे हुए हैं। जो आत्मसमर्पण करना चाहते हैं उनका स्वागत है, जो हथियार उठाए रहेंगे, उन्हें कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, जिन्हें हमारी सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे। जनवरी 2024 में छत्तीसगढ़ में हमारी पार्टी की सरकार बनने के बाद से 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1785 को गिरफ्तार किया गया है और 477 को न्यूट्रीलाइज किया गया है।*

## सिम्बायोसिस, पुणे में बोले रक्षा मंत्री

# आत्मनिर्भरता का जीवंत प्रमाण है ऑपरेशन सिंदूर



एजेंसी ⏭ पुणे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आत्मनिर्भरता का जीता-जागता प्रमाण है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारी सेनाओं ने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। रक्षा क्षेत्र में आजादी के बाद से जो स्थितियां थीं, उनको हमने तोड़ा। हमने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने सैनिकों के लिए हथियार खुद अपने देश में बनाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने भारत में बने उपकरणों का इस्तेमाल बड़ी मात्रा में किया है। राजनाथ सिंह गुरुवार को सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब हम सबका लक्ष्य है कि 2029 तक हम इस घरेलू रक्षा निर्माण को 3 लाख करोड़ रुपए तक ले जाएं और करीब 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात भी करें।

### कौशल के साथ संवेदनशीलता

राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी कौशल तभी सार्थक है, जब वो समाज के काम आए। अगर आपका कौशल सिर्फ अपने तक सीमित है, तो वह अधूरा है। कौशल के साथ ही संवेदनशीलता भी जरूरी है। जब देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो ऐसे संस्थान और ऐसे कोर्स, हमारे लिए बहुत जरूरी हो जाते हैं। हमें आज ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो सिर्फ पढ़े-लिखे न हों, बल्कि स्वदेशी तकनीक को समझें, उसे बनाएं और आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि एक स्किल मांइड कभी रुकता नहीं, वो हर परिस्थिति में रास्ता खोज लेता है। आपका हर कदम किसी क्रिएशन की दिशा में उठेगा और अपने कौशल, अपने परिश्रम और अपने संकल्प से, आप इतिहास बनाएंगे। यह समय की जरूरत है कि आप इस महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ें।

### क्लीन एनर्जी सेक्टर, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन एनर्जी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही दोनों देश एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी साझा करने को भी बढ़ावा देंगे। केंद्रीय मंत्री जोशी ने ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री जोशी ने 'एक्स' पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन के साथ एक शानदार मीटिंग हुई। उन्होंने प्रतिभाशाली लोगों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और हमारी चर्चा क्लीन एनर्जी में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही।उन्होंने आगे बताया कि बोवेन ने सुझाव दिया कि भारत को ऊर्जा परिवर्तन में ऑस्ट्रेलिया को अपना सबसे अच्छा दोस्त मानना चाहिए। जोशी ने कहा कि हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने एक-दूसरे देश की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी शेयरिंग को प्रोत्साहित करने का फैसला लिया है।

**श्रीलंका पीएम ने की विदेश मंत्री जयशंकर से भेंट**

## भारत की डिजिटल गवर्नेंस को सराहा दूसरे देशों के लिए बताया उदाहरण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात भी की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर बात की। इस दौरान पीएम अमरसूर्या ने भारत की डिजिटल गवर्नेंस में प्रगति की भी तारीफ की। उन्होंने इसे दूसरे देशों के लिए उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि भारत वास्तव में एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे डिजिटलाइजेशन सरकारों की अधिक जवाबदेही और पारदर्शी बना सकता है। उन्होंने बताया कि श्रीलंका भारत के मॉडल पर ध्यान दे रहा है और देख रहा है कि कैसे इसी तरह की पहल वहां लागू की जा सकती है। श्रीलंकाई पीएम गुरुवार सुबह तीन दिन के दौरे पर दिल्ली आई हैं। पीएम बनने के बाद उनका यह पहला भारत दौरा है। वहीं, दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमेशा घर, दफ्तर और देशों के बीच पुल बनाएं, दीवारें नहीं।

## केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत की विकास रणनीति का दिया मंत्र, कहा

भारत-ब्राजील की मित्रता दीर्घकालिक समृद्धि लाएगी

# मजबूत अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचा और जनकल्याण ही तीन विशेष स्तंभ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भारत-ब्राजील व्यापार संवाद को संबोधित करते हुए भारत की विकास यात्रा के तीन प्रमुख स्तंभ बताए। पहला स्तंभ- मजबूत सूक्ष्म अर्थव्यवस्था की बुनियाद, जिसमें कम मुद्रास्फीति, स्थिर वृद्धि, सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली और 700 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार शामिल हैं।

दूसरा स्तंभ- आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का विस्तार, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, लॉजिस्टिक लागत घटती है और उद्यमिता व रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। तीसरा स्तंभ- नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार। इसके तहत सरकार ने मध्यवर्ग पर आयकर का बोझ घटाया, जीएसटी प्रणाली को सरल बनाया और व्यापार सुगमता के लिए सुधार लागू किए।



### भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जल्द बनेगा

*मंत्री गोयल ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और वर्ष 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है। देश का सकल घरेलू उत्पाद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।*

### रिश्ते फुटबॉल की तरह जुनूनी हों

पीयूष गोयल ने पीएम नरेंद्र मोदी के हवाले से कहा कि भारत-ब्राजील के रिश्ते उतने ही रंगीन हों जितना कोई कार्निवाल और उतने ही जुनूनी हों जितना कि फुटबॉल। उन्होंने बताया कि ब्राजील ने योग और आयुर्वेद को अपने हेल्थ इकोसिस्टम में शामिल किया है, जो पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत करेगा। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला द सिल्वा का उद्धरण देते हुए कहा कि पेड़ लगाए बगैर कोई भी फल नहीं पा सकता। भारत ने दीर्घकालिक विकास और साझेदारी के बीज बो दिए हैं और विश्वास जताया कि भारत-ब्राजील की मित्रता दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक समृद्धि लाएगी।

**वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान दे रहे**

*कार्यक्रम में ब्राजील के उपराष्ट्रपति जेराल्डो आल्कमिन और रक्षा मंत्री जोसे मूसियो मोंटेइरो फिल्हो की उपस्थिति के लिए पीयूष गोयल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत और ब्राजील के बीच गहरे होते संबंधों का प्रतीक है। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील दोनों ही दुनिया के प्रमुख कृषि उत्पादक देश हैं और वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देते हैं। यह संवाद कृषि व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नए सहयोग के रास्ते खोलेगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

11 साल घणा कमाल
11 साल, तरक्की बेमिसाल

हरियाणा सरकार

म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा



**संकल्प से सिद्धि की राह में हरियाणा सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्व जनकल्याण हेतु लिए गए 217 संकल्पों में से पूरे किए गए 46 संकल्प। शेष सभी संकल्पों को जल्द पूर्ण करने हेतु कार्य प्रगति पर।**

# मुख्य संकल्प

## महिला

1. हरियाणा की पात्र महिलाओं को **दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना** के तहत **प्रतिमाह 2,100 रुपये** की वित्तीय सहायता।
2. **हर घर–हर गृहिणी योजना** के तहत अंत्योदय तथा बी.पी.एल. परिवारों को केवल 500 रुपये में **एल.पी.जी. सिलेंडर** दिया जा रहा है।

## युवा

3. नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही 24,000 **युवाओं को** ग्रुप–सी की **सरकारी नौकरियां** दी।
4. ग्रुप–सी के पदों के लिए जुलाई, 2025 में लगभग **13.50 लाख युवाओं ने सी.ई.टी. परीक्षा** दी ।
5. शहीद सैनिकों के हर बच्चे को **6वीं से 12वीं कक्षा** तक 60,000 **रुपये**, **स्नातक** तक 72,000 **रुपये** तथा **स्नातकोत्तर** तक 96,000 रुपये **प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति** का प्रावधान।
6. **डंकी रूट की समस्या** को जड़ से खत्म करने के लिए कानून लागू।

## किसान

7. **नकली खाद, बीज और कीटनाशक** बनाने व बेचने वालों को **5 साल की सजा** का कानून लागू।
8. सभी 24 **फसलों** की न्यूनतम समर्थन मूल्य **(MSP)** पर खरीद।
9. किसानों को 48 घंटे में डी.बी.टी. के माध्यम से **फसल का भुगतान** किया जा रहा है।

## गरीब

10. सभी जिला **सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों** में किडनी रोगियों के लिए **मुफ्त डायलिसिस** सेवा शुरू।
11. ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में 20 **वर्षों से अधिक समय** से काबिज सभी परिवारों को भूमि का **मालिकाना हक** दिया।
12. **आयुष्मान भारत योजना** के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को **5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज** की सुविधा।

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana